www.epaper.azadsipahi.in

27 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 216

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

न्यूज रील्स

रेप-हत्या की धमकियां दी जा रही है : मालीवाल

नयी दिल्ली। आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने रविवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कहा कि ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ वीडियो पोस्ट किया। इसकी वजह से मुझे पहले से मिल रहीं रेप और हत्या की धमकियां बढ़ गयी हैं। स्वाति मालीवाल ने कहा कि जब से मेरी पार्टी आप के नेताओं और वोलेंटियर्स ने मेरे खिलाफ चरित्र हनन, भावनाएं भड़काने और मुझे शर्मसार करने का अभियान चलाया है, तब से मुझे रेप और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यह तब से और बढ़ गया है, जब से यूट्यूबर ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट किया। उनके जैसे लोग खुद को स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा करते हैं। हालांकि वे आप प्रवक्ताओं की तरह काम कर रहे हैं।

संताल का रण बड़ा भारी है...

भाजपा और झामुमो का नया ठिकाना बना संताल

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। संताल परगना का झारखंड की राजनीति में अहम रोल रहा है। लोकसभा चुनाव के अंतिम यानी सातवें चरण का चुनाव संताल में होना है। इस चरण में संताल की तीन संसदीय सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा में 1 जून को वोट डाले जायेंगे। संताल परगना प्रदेश की राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। ऐसे में संताल परगना की तीनों सीट पर भाजपा, झामुमो और कांग्रेस की पैनी निगाहें हैं। संताल को झामुमो का गढ़ माने जाने के कारण पार्टी भी पूरी शक्ति लगा दी है। छठे चरण में चार सीटों पर वोटिंग के बाद झारखंड की सियासत संताल में शिफ्ट हो गयी है। खासकर भाजपा, कांग्रेस, झामुमो के स्टार प्रचारकों के कदमताल से राजनीतिक पारा भी चढ़ गया है। साथ ही अन्य दल के छोटे-बड़े नेता भी संताल परगना में डेरा डाल दिये हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, दीपक प्रकाश सरीखे नेता भी कैंप कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के प्रभारी अब्दुल गनी मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की का नया बसेरा भी बन गया है। इधर, झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन भी इंडी प्रत्याशी को जीत दिलाने को लेकर लगातार पसीना बहा रही हैं। उन्होंने भी दुमका में कैंप कर रखा है। प्रदेश की राजनीति में संथाल परगना की भूमिका काफी अहम मानी जाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सबसे बड़े सोरेन परिवार के सभी सदस्य यहां की राजनीति करते हैं। लिहाजा, अंत भला तो सब भला के तहत सभी पार्टियों ने संताल में पूरी ताकत झोंक दी है। संताल को लेकर भाजपा कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 28 मई को चुनावी सभा करनेवाले हैं।

दुमका में कल गरजेंगे मोदी

रांची (आजाद सिपाही)। संताल परगना के दुमका एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम तय होने के साथ ही दुमका एयरपोर्ट पर तैयारी तेज हो गयी है। एयरपोर्ट से ही संताल की तीनों सीटों को साधेंगे। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रत्याशी निशिकांत दुबे, सीता सोरेन, ताला मरांडी भी रहेंगे। यह चौथा मौका होगा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुमका पहुंचेंगे। इसके पहले दो बार वह चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए और एक बार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को लांच करने के लिए यहां आ चुके हैं।

रक्षा मंत्री आज साहिबगंज में



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 27 मई को राजमहल लोकसभा में 3 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड के श्रीधर दियरा कॉलोनी नंबर 9 स्थित प्राथमिक विद्यालय मैदान में होगी। मौके पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, लोकसभा संयोजक अनंत ओझा, लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल भी मौजूद रहेंगे।

हेमंत को जेल से बाहर निकालने की चाबी जनता के पास: कल्पना

गोड्डा (आजाद सिपाही)। कल्पना सोरेन ने रविवार को गोड्डा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में अगर किसी का राज चलेगा, तो वह यहां के झारखंडियों का होगा। अगर यहां चुनाव होगा तो यहां के मुद्दों पर होगा। हम लोगों ने पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत के आरक्षण को विधानसभा से पारित कराया, किसलिए कराया? इसलिए कराया, ताकि पिछड़े लोग मजबूत हो सके। ये दूसरे राज्यों में लागू है, लेकिन बीजेपी वाले इसे झारखंड में लागू नहीं करना चाहते। हमने विधानसभा से पारित कराया, लेकिन राजभवन में जाकर रूक जाता है। राजभवन किसके इशारे पर काम कर रहा है। आज झारखंडी मुद्दों पर बात नहीं होती है। हमारे अस्तित्वों, सम्मान पर बात नहीं होती है। आप लोग चेत जाइये, क्योंकि ये चुनाव बीजेपी बनाम इंडी गठबंधन नहीं, बल्कि बीजेपी बनाम त्रस्त जनता है। कल्पना सोरेन ने कहा कि अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए प्रदीप यादव को विजयी बनाइये। निशिकांत दुबे की ओर इशारा करते हुए कल्पना ने कहा कि आप लोगों ने 15 साल एक व्यक्ति को दिया है। अब समय आ गया है कि अब आपको चुनाव कर लेना चाहिए कि आपको तानाशाह ताकतों का साथ देना है या उनका, जो आपके लिए हमेशा आवाज उठाता है।

दिल्ली का तख्त जल्द हिलने वाला है

कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में जो तीन चरण का चुनाव हो चुका है, उससे जनता ने हमें आश्वस्त कर दिया है कि झारखंड में तो इंडी गठबंधन की सरकार बन रही है। आगे जिन तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है, वहां भी आपको इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को मजबूत कराना है, क्योंकि दिल्ली हम आ रहे हैं। दिल्ली का तख्त हिलनेवाला है।

बंगाल से टकराया तूफान

आजाद सिपाही संवाददाता

- 135 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाएं
- कोलकाता एयरपोर्ट 21 घंटे के लिए बंद, 394 फ्लाइट्स रद्द
- नदी मार्ग की फेरी सर्विस भी 72 घंटे के लिए बंद
- समुद्री इलाकों में नहीं जाने की दी गयी चेतावनी

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात रेमल ने रविवार रात 12 बजे के बाद बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल में सागर आइलैंड और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच लैंडफॉल किया। परिणामस्वरूप 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। तूफान के कारण मौसम में हुए बदलाव को देखते हुए कोलकाता का नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट रविवार दोपहर 12 बजे से सोमवार 9 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया था। इसके चलते 394 फ्लाइट्स रद्द कर दी गयी। वहीं, नदी मार्ग के फेरी घाटों को कहीं 48 तो कहीं 72 घंटे तक के लिए बंद कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा माइक की मदद से लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेमल की प्रतिक्रिया और तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की। इस सीजन में बंगाल की खाड़ी में बननेवाला यह पहला प्री-मॉनसून चक्रवात है।

उठ सकती हैं 1.5 मीटर ऊंची लहरें : आइएमडी के वैज्ञानिक सोमनाथ दत्ता के मुताबिक रेमल के लैंडफॉल के वक्त बंगाल की खाड़ी में करीब 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठीं। इससे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम कार्यालय ने मछुआरों को उत्तर में समुद्र में जाने से मनाही है।

झारखंड में भी तेज हवाएं चलेंगी

झारखंड में भी तूफान रेमल का असर देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि रेमल का असर झारखंड के उन इलाकों में दिखेगा, जो पश्चिम बंगाल से सटे हैं। संताल परगना और कोल्हान में इसका असर सबसे ज्यादा देखा जायेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र के वैज्ञानिकों का कहना है कि पलामू प्रमंडल को छोड़ कर झारखंड के अन्य हिस्सों में रेमल चक्रवात का असर देखा जायेगा। कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, प सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां जिलों के अलावा राजधानी रांची, उससे सटे खूंटी, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में कहीं-कहीं 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके बाद 27 और 28 मई को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार को छोड़ अन्य जिलों में कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव 30 सितंबर से पहले : अमित शाह

- इसके बाद राज्य का दर्जा देंगे
- पांच साल के अंदर यूनिफॉर्म सिविल कोड को लायेंगे
- एक साथ चुनाव भी करवायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव हो जायेंगे। फिर इसके बाद सरकार के वादे के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा दे दिया जायेगा। गृह मंत्री ने ये बातें शनिवार को देर रात एक न्यूज एजेंसी को दिये इंटरव्यू में कहीं। शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की समस्या से लेकर यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) तक की बात की। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में देश में यूसीसी को लागू कर दिया जायेगा। देश में एक साथ सभी चुनाव भी करवाये जायेंगे। इसके साथ ही शाह ने कहा कि देश में अगले दो-तीन साल में नक्सलियों की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जायेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में हमने परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, क्योंकि परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आरक्षण दिया जा सकता है। हम सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा से पहले विधानसभा चुनाव की प्रोसेस पूरी कर लेंगे। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर 2023 को निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी है: बाबूलाल

भाजपा की सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

सारठ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 26 मई को दुमका लोकसभा के अंतर्गत सारठ विधानसभा के शहरजोरी, बुधनाडीह, पलमा, मोहनपुर के विभिन्न क्षेत्रों में दुमका लोकसभा के प्रत्याशी सीता सोरेन पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत बैठक को सम्बोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने दुमका लोकसभा अंतर्गत जनसंपर्क कर माताओं बहनों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भाजपा आदिवासियों की हितैषी है। भाजपा ने ही द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति बनाया है। झारखंडवासियों के मान और सम्मान को भाजपा ने रखा। अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य बनाया। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह कई दशकों तक देश के शासन में रही। वह चाहती तो अलग झारखंड राज्य बना सकती थी, लेकिन ऐसा कांग्रेस नहीं किया। इसलिए कहता हूं कि ये लोग झारखंड के विरोधी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा उन्हीं लोगों के साथ रहती है। उन्होंने कहा कि पहले गांव तक सड़कें नहीं थी। नदी-नाला में पुल-पुलिया भी नहीं था। आने-जाने में लोगों को कितनी कठिनाईयां होती थी और घर में बिजली भी नहीं हुआ करता था। लेकिन जब देश में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और झारखंड में भाजपा की सरकार बनी। उसके बाद गांव तक सड़के भी पहुंच गयी। घरों तक बिजली भी पहुंच गया और नदी-नाला में पुल-पुलिया का भी निर्माण हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। वह प्रत्येक महीने मुफ्त में पांच किलो अनाज दे रहे है। आयुष्मान कार्ड से बढ़िया अस्पताल में पांच लाख तक का मुफ्त इलाज हो रहा है। उन्होंने मतदाताओं से 1 जून को एक-एक वोट भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में देने की अपील की। इस जनसंपर्क अभियान में सारठ विधायक रणधीर सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।



तीसरी बार चैंपियन बनी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम

- फाइनल में हैदराबाद को आठ विकेट से हराया
- 10 साल बाद चैंपियन बनी टीम, वेंकटेश की फिफ्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

चेन्नई। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आंद्रे रसेल के नेतृत्व में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक की मदद से फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरी बार आइपीएल का खिताब जीता। कोलकाता ने रविवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर खेले गये फाइनल में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया और किसी भी समय पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम को हावी होने नहीं दिया। कोलकाता ने इससे पहले अपना अंतिम खिताब 2014 सीजन में पंजाब किंग्स को हरा कर जीता था और अब 10 साल बाद टीम ने फिर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन कोलकाता के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर रोक दिया। हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 19 गेंदों पर सर्वाधिक 24 रन बनाये। हैदराबाद का कोई बल्लेबाज ना तो बड़ी पारी खेल सका और ना ही टीम कोई साझेदारी बना सकी जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता ने वेंकटेश अय्यर के 26 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के 32 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे 39 रन की मदद से 10.3 ओवर की दो विकेट पर 114 रन बनाकर जीत दर्ज की। केकेआर की पारी में सुनील नरेन ने छह रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर तीन गेंदों पर छह रन बनाकर पवेलियन लौटे।

सितारों का लगा जमावड़ा : चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में आइपीएल 2024 के फाइनल में सितारों का जमावड़ा लगा। इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान से लेकर उनकी पत्नी गौरी, बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर, राजकुमार राव, सुहाना खान, अनन्या पांडे, शनाया कपूर और जूही चावला शामिल हैं। खास बात यह थी कि यह सभी एक टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को समर्थन करने पहुंचे थे।

झारखंड की सात सीटों पर कम नहीं हुआ मतदान

■ मतदान का प्रतिशत जरूर कम हुआ, लेकिन मतों की संख्या बढ़ी

■ चुनाव आयोग के आंकड़े जारी करने के बाद साफ हुई पूरी तस्वीर

आजाद सिपाही विशेष

लोकसभा के लिए देश भर में चल रही चुनाव प्रक्रिया में हर बार की तरह इस बार भी कम मतदान को लेकर चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है। सात चरणों में होनेवाले मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं और सातवें चरण का मतदान 1 जून को होगा। कम मतदान को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं के बीच चुनाव आयोग ने इस बार एक बड़ा काम किया है। उसने पांच चरणों के मतदान का प्रतिशत तो जारी किया ही है, इस बार उसने प्रत्येक संसदीय सीट पर मतदाताओं की कुल संख्या और कुल मतदान का आंकड़ा जारी कर दिया है। इस आंकड़े के गहन विश्लेषण से यह बात साफ होती है कि इस बार इन पांच चरणों के चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम जरूर हुआ है, लेकिन डाले गये मतों की संख्या 2019 के मुकाबले काफी अधिक है। झारखंड की 14 सीटों में से 11 पर चुनाव हो चुके हैं और चुनाव आयोग ने जो आंकड़ा जारी किया है, वह सात सीटों का है। इनमें खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम, पलामू, हजारीबाग, चतरा और कोडरमा हैं। इन सभी सीटों पर प्रतिशत के हिसाब से इस बार कम मतदान हुआ, लेकिन पिछली बार की तुलना में मतों की कुल संख्या में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। इन आंकड़ों के विश्लेषण से मिले नतीजों का सीधा मतलब यह है कि कम से कम झारखंड में कहीं सत्ता विरोधी लहर नहीं है और भाजपा इस पर संतोष जता सकती है। झारखंड की सात सीटों के मतदान के आंकड़ों का विश्लेषण और उसका सियासी मतलब निकाल कर उसके असर का आकलन कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

देश के आम चुनावों की प्रक्रिया के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही इस बार कम मतदान को लेकर चौतरफा चिंता व्यक्त की जा रही है। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दल और उम्मीदवारों में कम मतदान को लेकर गंभीर चिंता पसरी हुई है। कुल सात चरणों में होनेवाले इस चुनाव का छठा चरण शनिवार को संपन्न हो गया, जिसमें आठ राज्यों की 58 सीटों पर वोट डाले गये। लेकिन मतदान के आंकड़ों को लेकर जो गलतफहमी फैली हुई है, उसकी तह में जाने का शायद आज से पहले किसी ने प्रयास भी नहीं किया है।

क्या है गलतफहमी

आम तौर पर मतदान के बाद मतदान का प्रतिशत निकाला जाता है और इसके आधार पर परिणाम का आकलन किया जाता है। यह काम मतदान के हर चरण के बाद होता है और मतदान के प्रतिशत की तुलना पिछली बार के चुनाव से की जाती है। इस क्रम में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी संदेह किया जाता है और इस बार तो मतदान के आंकड़े का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में चुनाव आयोग को कोई निर्देश देने से साफ मना कर दिया, लेकिन तमाम चुनाव विश्लेषकों और भविष्यवक्ताओं का संदेह तो बना ही हुआ है।

क्या किया चुनाव आयोग ने

चुनाव आयोग ने इस बार पहले पांच चरण में हुए मतदान का विस्तृत आंकड़ा जारी कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। इन आंकड़ों में बताया गया है कि पांच चरणों के चुनाव में प्रत्येक संसदीय सीट पर कितने मतदाता थे और कितने वोट डाले गये। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह आंकड़ा बूथवार जारी करने की मांग की गयी थी, जिस पर चुनाव आयोग ने कहा था कि इस आंकड़े को सार्वजनिक करने से अव्यवस्था फैल सकती है।

क्या कहा मुख्य चुनाव आयुक्त ने

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने छठे चरण के मतदान में अपना वोट डालने के बाद चुनाव आयोग पर उठ रही अंगुली को आधारहीन करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का काम ही संदेह पैदा करना है। उन्होंने दावा किया कि आयोग में ऐसी मजबूत प्रणालियां हैं, जिनसे सुनिश्चित होता है कि कोई त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का काम ही संदेह पैदा करना है। हमारी प्रणाली मजबूत है, आज से नहीं, बल्कि पिछले 70-72 वर्षों से। उनकी टिप्पणी से ठीक पहले चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के शुरुआती पांच चरणों में डाले गये वोट की संख्या पर स्वयं लोकसभा क्षेत्रवार आंकड़ा जारी किया था। आयोग ने कहा कि इसने प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में डाले गये वोट की संपूर्ण संख्या को शामिल करने के लिए मतदान डाटा के प्रारूप को और विस्तारित करने का निर्णय लिया है।

झारखंड की सीटों का आंकड़ा

अब लौटते हैं झारखंड पर। राज्य की 14 संसदीय सीटों में से 11 पर चुनाव हो चुका है। चुनाव आयोग ने इनमें से सात सीटों के मतदान का विस्तृत आंकड़ा जारी किया है। इस आंकड़े के विश्लेषण से पता चलता है कि 2019 के मुकाबले इस बार इन सीटों पर अधिक मतदान हुआ है, भले ही प्रतिशत कम हो गया हो।

शुरुआत करते हैं खूंटी से

खूंटी संसदीय सीट पर 13 मई को वोट डाले गये थे। यहां इस बार 13 लाख 26 हजार 138 मतदाताओं में से नौ लाख 27 हजार 422 ने वोट डाले, यानी यहां 69.33 प्रतिशत मतदान हुआ।

अब 2019 के आंकड़े बताते हैं कि उस बार यहां 12 लाख दो हजार 664 मतदाताओं में से आठ लाख 30 हजार 426 मतदाताओं ने वोट डाला था, यानी उस बार खूंटी में 69.25 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसका सीधा मतलब है कि इस बार खूंटी में करीब सवा लाख मतदाता बढ़े और डाले गये मतों की संख्या भी करीब एक लाख बढ़ गयी।

लोहरदगा सीट की भी यही स्थिति

अब बात करते हैं लोहरदगा की। यहां भी 13 मई को वोट डाले गये थे। यहां इस बार 14 लाख 41 हजार 302 मतदाताओं में से नौ लाख 57 हजार 690 (66.45 प्रतिशत) ने वोट डाला। 2019 में लोहरदगा में कुल 12 लाख 34 हजार 286 मतदाता थे, जिनमें से आठ लाख 13 हजार 360 (66.30 प्रतिशत) ने वोट डाला था। यहां भी इस बार दो लाख से अधिक मतदाता बढ़ गये थे और डाले गये वोटों की संख्या भी डेढ़ लाख से अधिक है।

सिंहभूम सीट पर भी अधिक मतदान

जहां तक सिंहभूम सीट का सवाल है, तो यहां इस बार 14 लाख 47 हजार 562 मतदाता थे, जिनमें से 10 लाख तीन हजार 482 (69.32 फीसदी) ने वोट डाला। 2019 में सिंहभूम में मतदाताओं की कुल संख्या 12 लाख 69 हजार 917 थी, जिनमें से आठ लाख 78 हजार 480 (69.25 फीसदी) ने वोट डाला था। यानी पिछली बार के मुकाबले इस बार सिंहभूम में करीब पौने दो लाख अधिक मतदाता थे और डाले गये वोटों की संख्या में भी लगभग इतनी ही वृद्धि हुई।

पलामू में भी इस बार अधिक वोटिंग हुई

पलामू संसदीय सीट पर भी 13 मई को वोट डाले गये थे। यहां इस बार 22 लाख 43 हजार 34 मतदाता थे, लेकिन उनमें से 13 लाख 74 हजार 358 (61.27 फीसदी) ने ही वोट डाला। 2019 में पलामू में कुल 18 लाख 81 हजार 441 मतदाता थे, जिनमें से 12 लाख पांच हजार 969 (64.34 फीसदी) ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इसका मतलब यह है कि इस बार पलामू में करीब साढ़े तीन लाख मतदाता बढ़े और डाले गये वोटों की संख्या भी करीब पौने दो लाख बढ़ गयी।

हजारीबाग, चतरा और कोडरमा में भी यही स्थिति

झारखंड की तीन सीटों, हजारीबाग, चतरा और कोडरमा में 20 मई को मतदान हुआ था। वहां भी प्रतिशत के हिसाब से कम मतदान की बात कही गयी थी, लेकिन आंकड़ों के विश्लेषण से साफ हो गया है कि इन तीनों सीटों पर डाले गये वोटों की संख्या पिछली बार की तुलना में अधिक रही। हजारीबाग में इस बार 19 लाख 39 हजार 374 मतदाता थे, जिनमें से 12 लाख 48 हजार 798 (64.39 प्रतिशत) ने वोट डाला। 2019 में यहां मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख 67 हजार 465 थी और कुल 10 लाख 79 हजार 155 वोट (64.34 फीसदी) ने वोट डाले थे। चतरा में इस बार 16 लाख 89 हजार 926 मतदाता थे, जिनमें से 10 लाख 76 हजार 352 (63.69 फीसदी) ने वोट डाला। 2019 में यहां 14 लाख 25 हजार 218 मतदाता थे, जिनमें से नौ लाख 22 हजार 361 (64.97 फीसदी) ने वोट डाला था। कोडरमा में इस बार 22 लाख पांच हजार 318 मतदाताओं में से 13 लाख 63 हजार 10 (61.81 फीसदी) ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। 2019 में कोडरमा में कुल 18 लाख 14 हजार 125 मतदाताओं में से 12 लाख आठ हजार 254 (66.68 फीसदी) ने वोट डाला था।

चुनाव आयोग द्वारा जारी इन आंकड़ों से साफ होता है कि झारखंड में मतदान कम नहीं हुआ है, बल्कि पिछली बार की तुलना में बढ़ा है। प्रतिशत जरूर कम हुआ है, लेकिन इसमें चिंता करने का कोई कारण नहीं बनता है। कुल मिला कर अगर देखा जाये, तो 2024 में भी ट्रेंड 2019 वाला ही है।

छठे चरण में 65.40 प्रतिशत मतदान: के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण का मतदान प्रतिशत 65. 40 रहा है। मतगणना के दिन पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद इस आंकड़े में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि सभी इवीएम स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील की जा चुकी हैं।

स्ट्रांगरूम त्रिस्तरीय सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे की निगहबानी में है। उन्होंने कहा कि छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण रहा। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 67.68 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 67.87 और महिला मतदाताओं ने 67.49 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं से 0.38 फीसदी अधिक मतदान किया है। उसी तरह रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.36 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.53 और महिला मतदाताओं ने 65.20 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं ने 0.33 फीसदी अधिक मतदान किया है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 67.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.00 और महिला मतदाताओं ने 69.60 फीसदी मतदान किया है।

इस तरह पुरुष मतदाताओं से 4.60 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 62.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 61.82 और महिला मतदाताओं ने 62.33 फीसदी मतदान किया है। इस तरह पुरुष मतदाताओं से 0.51 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है।

शिप्रा एक्सप्रेस के कोच अटेंडेंट की कोडरमा स्टेशन पर गुंडागर्दी

दो यात्रियों को दौड़ा कर पीटा, बेल्ट से मारे, पांच अटेंडेंट गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। इंदौर से हावड़ा जाने वाली शिप्रा एक्सप्रेस के कोच अटेंडेंट की शनिवार रात गुंडागर्दी देखने को मिली। हालांकि इनमें 5 को गिरफ्तार भी कर लिया गया। कोडरमा स्टेशन पर 6 से 7 की संख्या में कोच अटेंडेंस ने गया से ट्रेन में सवार हुए दो यात्रियों के साथ जमकर मारपीट की। गया से पंकज कुमार और सुमन कुमार जनरल टिकट लेकर ट्रेन में सवार हुए और टीटीइ से एसी कोच में सीट कंफर्म करने का आग्रह किया। जब ट्रेन में टीटीइ ने सीट नहीं होने की बात कही तो एसी

बोगी के कोच अटेंडेंट इन दोनों यात्रियों के पास आये और उन्हें कंफर्म सीट देने की बात कहते हुए सामान रखने वाली सीट पर दोनों यात्रियों को बैठा दिया। थोड़ी देर बाद इन दोनों यात्रियों से प्रत्येक सीट के लिए 3-3 हजार रुपये की मांग करने लगे। वहीं टीटीइ ने इन दोनों यात्रियों को कोडरमा स्टेशन पर उतरकर साधारण डिब्बे में सफर करने की सलाह दी। शिप्रा एक्सप्रेस जैसे ही कोडरमा स्टेशन पहुंची। दोनों यात्रियों के ट्रेन से उतरते ही 6-7 कोच अटेंडेंट ने दौड़ा-दौड़ा कर दोनों यात्रियों को पीटा। बेल्ट और लात-घुसों से इन दोनों यात्रियों की पिटाई करने लगे। इस दौरान अन्य रेल यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। वहीं, ट्रेन के खुलने के बाद कोच अटेंडेंस ने दोनों यात्रियों को कभी भी शिप्रा एक्सप्रेस में सफर नहीं करने की धमकी भी दी। कोडरमा स्टेशन से शिप्रा एक्सप्रेस के रवाना होने के बाद दोनों यात्रियों ने कोडरमा जीआरपी में शिकायत दर्ज करायी। इधर मारपीट की तस्वीर और वीडियो स्टेशन के प्लेटफार्म पर बैठे एक यात्री ने रिकॉर्ड कर लिया। इसके आधार पर जीआरपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो जंक्शन पर ट्रेन के पहुंचने के बाद पांच कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किये गये अटेंडेंस में नीरज रजक, यशवंत नेहरा, अभिषेक विश्वकर्मा, गजेंद्र सिंह और हरिशंकर दूबे शामिल हैं।

चुनाव प्रचार में स्पीकर के शामिल होने पर उठ रहे सवाल

भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन का मामला बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इंडी गठबंधन कैंडिडेट के लिए चुनावी सभा में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के शामिल होने पर सवाल उठने लगे हैं। सभा के जरिये दुमका लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी और विधायक नलिन सोरेन के लिए लोगों से समर्थन मांगा गया। अब भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण प्रभाकर ने

सवाल उठाया है। प्रचार में स्पीकर के शामिल होने के मसले को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया है और साथ ही चुनाव आयोग से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग भी की है।

प्रवीण प्रभाकर के मुताबिक, स्पीकर इंडी गठबंधन के कैंडिडेट नलिन सोरेन के लिए प्रचार करने के साथ आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन तो कर ही रहे हैं। साथ ही आपत्तिजनक भाषण भी दे रहे हैं। उन्हें मालूम होना चाहिए कि स्पीकर जैसे संवैधानिक पद की अपनी गरिमा है। इस पद पर आसीन होते ही संबंधित विधायक को अपने राजनीतिक दल की सदस्यता का त्याग कर देना होता है। स्पीकर सिर्फ अपना चुनाव प्रचार कर सकते हैं, पर स्पीकर खुलेआम मर्यादा की सीमा लांघ रहे हैं। झामुमो कैंडिडेट के लिए प्रचार कर सोशल मीडिया में भी पोस्ट कर रहे हैं।

दो लड़कों की उसरी वाटर फॉल में नहाने के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। देवघर के दो युवकों की गिरिडीह के उसरी फॉल में नहाने के दौरान मौत हो गयी। इनकी पहचान पवन कुमार और दीपक कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गये और बाहर नहीं निकल पाये। घटना के बाद काफी संख्या में आस-पास के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम

किशोर महतो पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों और गोताखोरों के सहयोग से दोनों युवकों के शव को फॉल से बाहर निकाल कर सदर अस्पताल पहुंचाया।

वाटर फॉल घूमने आये थे : घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गिरिडीह से कुछ लोग उसरी वॉटर फॉल घूमने आये थे। इन्हीं के साथ पवन और दीपक भी आये थे। बताया कि पवन कुमार गुप्ता की उम्र 19 वर्ष थी। वह 12वीं कक्षा में पढ़ता था। दीपक कुमार वर्मा की उम्र 18 वर्ष थी। वह भी 12वीं का ही छात्र था। बताया गया है कि देवघर के राम मंदिर झोसा गाढ़ी से नौ लोग घूमने के लिए उसरी फॉल आये थे। सुबह 10 बजे सभी यहां पहुंचे थे। इसके बाद पवन और दीपक नहाने के लिए फॉल में उतरे, जहां दोनों गहरे पानी में चले और डूब गये।

मामले को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों और गोताखोरों के सहयोग से दोनों युवकों के शव को फॉल से बाहर निकाल कर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

राज्य सरकार ने आदिवासी समाज को सिर्फ गुमराह किया है : सुदेश महतो

कांग्रेस के तुष्टीकरण के कारण समाज का एक वर्ग राष्ट्रीय विचारधारा से दूर है

आजाद सिपाही संवाददाता

- जेएमएम-कांग्रेस की राजनीति का आधार तुष्टिकरण, विकास से इनका कोई वास्ता नहीं
- जामताड़ा विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन वर्मन ने थामा पार्टी का दामन
- कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया

जामताड़ा। कांग्रेस के तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समाज का एक वर्ग राष्ट्रीय विचारधारा से दूर है। जेएमएम और कांग्रेस अपने राजनीतिक दायित्व से अलग होकर तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। विकास से इनका कोई वास्ता नहीं है। इन दोनों ने समाज के एक-एक वर्ग को अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपना शिकार बना रखा है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया है। साथ ही सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को गुमराह किया है। यही वजह है कि लोकसभा चुनावों में राज्य की जनता ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जामताड़ा के यज्ञ मैदान में आयोजित जामताड़ा विधानसभा स्तरीय ग्राम प्राभारी सम्मेलन में कहीं। इस दौरान जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी और विधानसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखंड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। मौके पर जामताड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन वर्मन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उन्होंने कहा कि सातवें और अंतिम चरण में संथालपरगना की तीनों सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पहले के चरणों में जिन 11 सीटों पर चुनाव हुए हैं, वहां इंडी गठबंधन की हार तय है। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों का हित सरकार का कर्तव्य है लेकिन मौजूदा सरकार ने राजनीति की परिभाषा ही बदल कर रख दी है। जिस सरकार को जनता ने विकास के लिए चुना था आज उसी सरकार के भीतर कौन अधिक भ्रष्टाचार करेगा इस बात की प्रतिस्पर्धा चल रही है। भ्रष्टाचार की इस प्रतिस्पर्धा में सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री के

समेत कई प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हैं। इन सभी ने मिलकर राज्य की अस्मिता को ठेस पहुंचाया है।

आजसू पार्टी के इस सम्मेलन में दुमका लोकसभा से एनडीए की उम्मीदवार सीता सोरेन भी उपस्थित रहीं। सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं को उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिये साथ ही उन्होंने सीता सोरेन की ऐतिहासिक जीत के लिए लोगों से आह्वान किया।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, महासचिव जोनाथन टुडू, अजय सिंह, तरुण गुप्ता, नजरुल हसन हाशमी, जामताड़ा जिलाध्यक्ष राजेश महतो, देवघर जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य, जोबारानी पाल, मोहन वर्मन, सीतामुनी हांसदा, माने बेसारा, नमन ठाकुर वहीं, भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री राज पालिवाल, भाजपा के जामताड़ा जिलाध्यक्ष सुमित शरण इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विपक्ष पर तंज, बोले

पहले देते थे संरक्षण, अब माफिया की मौत पर आंसू बहा रहे सपा के लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

मऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मऊ के रतनपुरा में तीन लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने सभा की शुरुआत में ही विपक्ष पर हमला बोला और पूर्वांचल की दुर्दशा के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। पीएम मोदी ने कहा कि पहले पूर्वांचल में माफिया पैदा होते थे, उनको सपा और कांग्रेस के लोग संरक्षण देते थे, लेकिन अब पिछले 10 सालों से यही पूर्वांचल देश का प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री चुन रहा है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि आने वाले 1 जून को एनडीए और भाजपा प्रत्याशी को अपना वोट देकर देश का पीएम चुनने में सहयोग दें।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक जून को मतदान से पहले ही पूर्वांचल अपना मन बना चुका है कि भाजपा को ही जिताना है, गरीब बेटे को ताकत देनी है। जो आपकी सेवा में दिन-रात एक कर लगा हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार पक्का घर बनाने के साथ पक्की गली बना रही है। लोगों का आशीर्वाद अब मोदी के साथ है।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन और सपा के लोग पूर्वांचल को पिछड़ा बनाये रखने की साजिश रच रहे हैं। सपा की सरकार में जमीन पर कब्जा किया गया, दंगाइयों को ताकत दी गयी। वही लोग अब माफिया की मौत पर आंसू बहा रहे हैं।

पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि ऐसे गठबंधन से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। यह लोग सभी जातियों को आपस में लड़ा रहे हैं और मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। इंडी गठबंधन संविधान बदलने की फिराक में लगा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश में लगे हुए हैं। यह सभी लोग एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं। पूरा आरक्षण धर्म के आधार पर मुसलमान को देने की कोशिश हो रही है। बहुसंख्यक समाज को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

पीएम ने कहा कि 2012 में सपा ने अपने घोषणा पत्र में बाबा साहब के संविधान को बदलने का भी जिक्र किया था। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान बनाने की कांग्रेस साजिश रच रही है। कोलकाता हाइकोर्ट में 77 ओबीसी जातियों का आरक्षण अभी खारिज किया है। भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देगी। बाबा साहब की सोच को लेकर भाजपा और एनडीए संकल्पित होकर काम कर रहा है।

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया से लोग अयोध्या प्रभु राम के दर्शन के लिए आ रहे हैं। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलने के बाद भी सपा और कांग्रेस के लोग अभी तक राम मंदिर नहीं गये हैं। 500 साल बाद सभ्यता आस्था का एक नया पल आया है, लेकिन मंदिर निर्माण के बाद भी ऐसे लोग गाली दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि एक साजिश रची जा रही है कि शाहबानो केस की तरह सर्वोच्च अदालत का फैसला पलटा जायेगा, लेकिन मोदी इनकी पोल खोल रहा है और वह लोग मोदी की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। पीएम मोदी ने मंच से कहा कि वोट जिहाद का फतवा जारी हो रहा है, लेकिन देश की माता-बहनों, नौजवानों, बुजुर्ग सभी का आशीर्वाद उनके साथ है और कोई मोदी का कुछ नहीं कर सकता।

पीएम ने कहा कि यह वही बलिया की पावन भूमि है, जहां से उज्ज्वला योजना का शुभारंभ हुआ था। कोई भूखा ना रहे इसलिए इस योजना की शुरूआत की गयी। पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। शौचालय, बिजली, गैस, नल मिला है। मोदी हर परिवार का अब बिजली बिल शून्य करने में लगा हुआ है। हर घर में बिजली बनेगी और हर परिवार उससे कमाई भी करेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चालू है। हर घर पर सोलर पैनल लगेगा। 75 हजार की मदद सरकार करेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि 4 जून को बड़ा मंगल है, यह विकसित भारत का मंगल होगा। एनडीए को छड़ी के चुनाव चिह्न पर मत देकर जिताना है। अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से दोनों हाथ उठाकर संकल्प दिलाया कि गांव में जो भी देवस्थान या तीर्थ स्थल क्षेत्र होगा, मोदी की तरफ से सभी लोग वहां जाकर माथा टेकेंगे और परमात्मा से आशीर्वाद लेंगे कि विकसित भारत के संकल्प को लेकर यह सरकार काम कर रही है, उसमें सभी का आशीर्वाद मिले।

हिमाचल सरकार चोरी नहीं कर पायेंगे मोदी : राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

ऊना/नाहन। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को हिमाचल दौरे पर रहे। सबसे पहले उन्होंने सिरमौर के नाहन में शिमला लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में रैली की। इसके बाद वह ऊना पहुंचे। यहां उन्होंने हमीरपुर लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के समर्थन में रैली की।

राहुल गांधी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने अंबानी-अडाणी जैसे 22 परिवारों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया। हिमाचल को आपदा में हुई तबाही से उभारने के लिए 9 हजार करोड़ रुपये नहीं दिये। 22 हजार परिवार आपदा से प्रभावित हुए। हिमाचल के सेब का पैसा अडाणी को पकड़ा दिया।

प्रधानमंत्री ने उनकी परवाह नहीं की। 22 परिवारों को अरबपति जरूर बनाया। 24 साल मनरेगा का पैसा प्रधानमंत्री ने 22 बड़े औद्योगिक घरानों को पकड़ा दिया।

प्रधानमंत्री हिमाचल में आकर कह रहे हैं कि यहां भी सरकार चोरी करेंगे। लेकिन वह सरकार चोरी नहीं कर पायेंगे, क्योंकि हिमाचल की जनता उन्हें पहचान गयी। मोदी जी कहते हैं कि उनका भगवान के साथ डायरेक्ट कनेक्शन है। यह बात सुनकर चमचे ताली बजाते हैं और कहते हैं, वाह क्या बात कही है।

संविधान बदलने का सपना आपका कभी पूरा होने वाला नहीं : राहुल गांधी ने ऊना में भी संविधान की किताब लहराकर

अग्निवीर योजना को सत्ता में आते ही फाड़ कर कूड़ेदान में फेंकेंगे

राहुल गांधी ने कहा हिमाचल के युवा सेना में जाते हैं। अपनी जान देने को तैयार रहते हैं। पहले एक ही कैटेगिरी का शहीद होता है। परिवार को शहीद का दर्जा मिलता था। फैमिली को प्रोटेक्शन मिलती थी। मोदी जी ने दो कैटेगरी बना दी। एक को सारी सुविधाएं मिलेंगी। दूसरा शहीद जिन्हें मोदी अग्निवीर कहते हैं, उन्हें न ट्रेनिंग, न पेंशन मिलेगी। उसे चार साल बाद उठाकर बाहर कर दिया जायेगा। अमित शाह आये और कहा पैरा मिलिट्री व पुलिस में नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर एक युवा देश के लिए शहीद होने को तैयार है तो उसे भी वहीं रिस्पेक्ट मिलनी चाहिए, दूसरी कैटेगरी के सैनिक को मिलती है। अग्निवीर योजना को सत्ता में आते ही फाड़कर कूड़ेदान में फेंक देंगे।

इसे बचाने की अपील की। उन्होंने बीजेपी को चेतावनी देते हुए कहा कि संविधान बदलने का सपना आपका कभी पूरा होने वाला नहीं है। हिमाचल में भी कांग्रेस के बब्बर शेर ऐसा नहीं होने देंगे और चारों सीटों कांग्रेस की झोली में डालेंगे।

मोदी ने 22 उद्योगपतियों का कर्जा माफ किया : राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 24 सालों का मनरेगा का बजट 22 उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर उन्हें दे दिया। हिमाचल के सेब का पैसा अडाणी को दे दिया। एयरपोर्ट, पोर्ट, सोलर पावर, बिजली सब इन उद्योगपतियों को दे दिया।

अगले 5 साल में वन नेशन-वन इलेक्शन होगा : राजनाथ सिंह

बोले- देश में बार-बार चुनाव नहीं चाहते
केजरीवाल 'वर्क फ्रॉम जेल' वाले पहले सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

पंजाब । भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को पंजाब दौरे पर थे। सबसे पहले उन्होंने फतेहगढ़ में भाजपा उम्मीदवार गेजा राम के समर्थन में रैली की। इसके बाद वे बठिंडा पहुंचे। यहां उन्होंने बठिंडा लोकसभा सीट से भाजपा कैंडिडेट परमपाल कौर के समर्थन में रैली की।

रक्षा मंत्री ने कहा कि डॉक्टर ने उन्हें खड़े होने से मना किया है। 7 दिन तक आराम करने की सलाह दी है। जब तक नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वे आराम नहीं करेंगे।

आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए राजनाथ ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद दिल्ली की गलियों में शराब की दुकानें खुल गयी हैं। नेता में नैतिकता होनी चाहिए। अगर कोई आरोप है तो उसे तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। लेकिन केजरीवाल शराब घोटाले में जेल जाने के बाद भी सीएम हैं। उन्होंने कहा कि वर्क फ्रॉम तो आपने पहले सुना था, लेकिन वह जेल के अंदर से काम करने की इच्छा रखते हैं। इसलिए वर्क फ्रॉम जेल पहली बार देखने को मिला है। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस के राज में इडी (प्रवर्तन निदेशालय) कुछ नहीं कर पाती थी, लेकिन हमारे राज में करोड़ों रुपये जब्त किये गये, लेकिन वे हमारी सरकार पर आरोप लगाते हैं कि अगर बीजेपी सत्ता में आयी तो वे देश को तोड़ देंगे।

चंद्रयान ने साउथ पोल पर पहुंचकर इतिहास रचा : राजनाथ सिंह

राजनाथ ने कहा कि पाकिस्तान और दूसरे देशों में अपमानित होने वालों को हम नागरिकता देंगे। भारत अब धरती की बात नहीं करता, बल्कि अब ग्रहों पर जाने की बात करता है। जब चंद्रयान 2 फेल हो गया, तो चंद्रयान 3 प्रोजेक्ट बनाया गया। चंद्रयान ने साउथ पोल पर पहुंचकर इतिहास रच दिया। देश में भाजपा की सरकार बन रही है। यह मैं नहीं कह रहा, बल्कि दुनिया के विशेषज्ञ कह रहे हैं। उन्हें भारत में समर्थन नहीं मिल रहा, अब उन्हें पाकिस्तान से समर्थन मिल रहा है।

इसके बाद उन्होंने स्वाति मालीवाल से मारपीट को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा। राजनाथ ने कहा कि माता बहन और बेटी सभी की होती है। चाहे किसी दल की भी हो। केजरीवाल चुप क्यों हैं। क्या केजरीवाल को सीएम बने रहने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ऐसे हैं तो भगवंत मान कैसे हो सकते हैं यह ऊपर वाला ही जानता होगा।

चंडीगढ़ का सपना नेहरू जी ने देखा: प्रियंका

कहा- विदेश से आर्किटेक्ट बुला कर निर्माण कराया
नरेंद्र मोदी ने यहां 10 साल कुछ नहीं किया

आजाद सिपाही संवाददाता

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी आज चंडीगढ़ दौरे पर रहीं। उन्होंने सेक्टर-27 के रामलीला ग्राउंड में लोकसभा उम्मीदवार मनीष तिवारी के पक्ष में रैली की। प्रियंका गांधी ने कहा- चंडीगढ़ शहर का सपना नेहरू जी ने देखा था। उन्होंने विदेश से आर्किटेक्ट बुलाकर इस शहर का निर्माण करवाया। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने यहां कोई विकास नहीं कराया। मोदी जी ने पहला चुनाव 15 लाख रुपये देने के नाम पर लड़ा। दूसरे चुनाव में उन्होंने सेवा का सहारा लिया। अब तीसरे चुनाव में ये हिंदू-मुस्लिम कर रहे हैं, अगर उन्होंने देश में कुछ विकास किया होता तो उन्हें हिंदू-मुस्लिम करने की जरूरत नहीं पड़ती। मोदी महिला सशक्तिकरण की बात करते थे, लेकिन अब उन्हें चुनाव के लिए मंगलसूत्र की बात करनी पड़ रही है। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो किसी महिला का मंगलसूत्र छीन सके। वे जनता को गुमराह करने के लिए बेमतलब की बातें कर रहे हैं। वे लोगों से कह रहे हैं कि अगर आपके पास 2 भैंस हैं तो कांग्रेस वाले आपकी एक भैंस लेकर मुसलमान को दे देंगे।

खेती-बाड़ी के सामान से हटा देंगे जीएसटी

प्रियंका गांधी ने कहा कि किसानों के लिए जो खेती-बाड़ी का सामान है, उस पर से जीएसटी हटा देंगे। इसके बाद फिर चाहे योगी आयें या मोदी आयें फिर उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य देना पड़ेगा। हमारी ही सरकार थी जो खाद्य सुरक्षा कानून लेकर आयी थी इसके बाद फिर मोदी जी की सरकार आयी लेकिन मजबूरन उन्हें भी राशन देना पड़ रहा है। श्रमिकों के लिए भी कानून लेकर आयेंगे कि पूरे देश में 400 से कम मजदूरी न मिले। मोदी जी ने मनरेगा स्कीम को कमजोर करने की कोशिश की है लेकिन हमारी सरकार आने के बाद ग्रामीण इलाके में मनरेगा को बढ़ाया जायेगा और शहर में भी इसे लागू किया जायेगा। अब निर्णय करना है कि कौन सी पार्टी आपके काम की बात कर रही है। जहां-जहां हमारी सरकार है वहां पर हम काम करके दिखा रहे है।

सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया जायेगा : प्रियंका गांधी ने कहा कि जो युवा सेना में भर्ती होकर सुबह उठकर देश सेवा की तैयारी करते थे, लेकिन उन्हें 4 साल में ही रिटायर करने का फैसला कर लिया गया है, जिसकी वजह से युवा अब सेना में भर्ती नहीं होना चाहते हैं। हमारी सरकार आयेगी तो सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया जायेगा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पैसे दिये जायेंगे, जो ग्रेजुएट हैं उनके लिए एक साल का प्रोग्राम लाया जायेगा और सालाना गारंटी दी जायेगी।

बेमतलब की बातें कर रही है बीजेपी : प्रियंका गांधी ने कहा कि वे महिला सशक्तिकरण की बात करते थे लेकिन अब उन्हें चुनाव के लिए मंगलसूत्र की बात करनी पड़ रही है। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो किसी महिला का मंगलसूत्र छीन सके। वे जनता को गुमराह करने के लिए बेमतलब की बातें कर रहे हैं। वे लोगों से कह रहे हैं कि अगर आपके पास दो भैंस हैं तो कांग्रेस वाले आपकी एक भैंस लेकर मुसलमान को दे देंगे। हमारी सरकार आने के बाद ग्रामीण इलाके में मनरेगा को बढ़ाया जायेगा और शहर में भी इसे लागू किया जायेगा। अब निर्णय करना है कि कौन सी पार्टी आपके काम की बात कर रही है। जहां-जहां हमारी सरकार है वहां पर हम काम करके दिखा रहे है। प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर आंदोलन लड़ा, वही महात्मा गांधी जिन्होंने बिना किसी हिंसा के इतना बड़ा आंदोलन चलाया, जब आखिरी समय आया तो उनके मुंह से हे राम हे राम शब्द निकले। वही मोदी जो कभी कहते थे कि अगर उन्होंने कभी किसी धर्म की बात की तो वह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे, लेकिन अब उन्हें चुनाव में दिन-रात हिंदू मुस्लिम करना पड़ रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

सोना (बिक्री)	67,800 रु./10 ग्राम
चांदी	92,000 रु./प्रति किलो

रायपुर में कारोबारी की हत्या करने पहुंचे थे अपराधी

लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के चार शूटर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

छत्तीसगढ़। रायपुर में कारोबारी की हत्या करने पहुंचे लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के चार शूटर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड के बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र निवासी रोहित स्वर्णकार, राजस्थान के पाली जिला के सियारी थाना क्षेत्र के सारन निवासी मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह और पप्पू सिंह उर्फ पप्पू का नाम शामिल है। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ के अलावे झारखंड में बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना थी। गिरफ्तार शूटरों को किसी कारोबारी को जान से मारने की सुपारी मिली थी।

योजना के मुताबिक अमन साहू गैंग को संचालित करने वाले मयंक सिंह ने बोकारो निवासी रोहित स्वर्णकार को इंदौर के सेंधवा से गैंग से जुड़े लोगो के माध्यम से एक पिस्टल और एक मैग्जीन उपलब्ध करायी। मयंक सिंह ने पप्पू सिंह को वारदात को अंजाम देने के लिए एक बाइक राइडर की व्यवस्था करने के लिए कहा। इसके बाद मुकेश कुमार भाट और देवेंद्र सिंह को वारदात के वक्त बाइक राइडिंग के लिए रायपुर रवाना किया गया। रोहित स्वर्णकार इंदौर के सेंधवा से पिस्टल लेकर उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर ट्रेन के माध्यम से रायपुर पहुंचा। मुकेश और देवेंद्र बस से रायपुर पहुंचे। रायपुर पुलिस के जवान इन्हें चिह्नित करने के लिए सादे लिबास में शहर के संभावित स्थलों पर तैनात किये गये। करीब 72 घंटे के गोपनीय ऑपरेशन में रोहित स्वर्णकार को एक पिस्टल और एक मैगजीन के साथ पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर गैंग से जुड़े अन्य अपराधियों को पकड़ा गया।

पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि पूरी योजना मयंक सिंह के कहने पर पप्पू सिंह के साथ मिल कर बनायी गयी थी। शूटर और राइडर को एक-दूसरे से अपनी पहचान छिपाने तथा किसी तकनीकी संपर्क में न रहने और अपने-अपने माध्यमों से एप के माध्यम से नेट कॉलिंग से ही संपर्क में रहने की हिदायत थी। पुलिस से बचने के लिए मयंक ने रोहित को 29-29 कोड यूज करने और पप्पू ने मुकेश को राम-राम और जय माता दी कोड यूज करने को निर्देशित किया था। टॉरगेट रायपुर पहुंचने पर ही ऊपर से बताया जाता।

अमन साहू गैंग को मलेशिया में बैठ कर मयंक सिंह करता है ऑपरेट

वर्तमान में अमन साहू के गैंग को मयंक सिंह मलेशिया में बैठ कर ऑपरेट कर रहा है। पकड़े गये शूटर्स अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर टार्गेट को अंजाम देते थे। रोहित स्वर्णकार पर बोकारो के चास और पेटरवार थाना में तीन मामले दर्ज हैं। वही मुकेश कुमार, पप्पू सिंह और देवेंद्र सिंह के भी आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी पुलिस को मिली है। राजस्थान के पाली जिले के विभिन्न थानों में कई मामला दर्ज हैं।

राजधानी में नहीं रुक रहा नशे का कारोबार

अफीम तस्करी में शामिल तीन को पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने अफीम कारोबार में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अफीम तस्कर का नाम शिवम कुमार हजाम उर्फ शिवा, दीपक मुंडा उर्फ जगरू और शनिचरवा मुंडा उर्फ चारो है। एसएसपी को जानकारी मिली थी कि नामकुम थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जामचुआं के पास कुछ लोगों के द्वारा अफीम की खरीद-बिक्री की जा रही है। इसके बाद ग्रामीण एसपी समेत अन्य को इस काम में लगाया गया। जरेया रोड के किनारे दो व्यक्ति काले रंग की सीबी जेड मोटरसाइकिल के पास खड़े थे। पुलिस पर नजर पड़ते ही वहां से भागने लगे। भागने के दौरान उक्त दोनों व्यक्ति को पीछा कर पुलिस ने पकड़ा। तलाशी के क्रम में शनिचरवा मुंडा के पैकैट से 100 ग्राम अफीम, दीपक मुंडा के पास पॉलीथीन में लपेटा हुआ 100 ग्राम अफीम, डिमोनिटाइज का 110 गवर्नमेंट करेंसी बरामद हुई। दोनों पकड़े गये व्यक्तियों से वैध कागजात की मांग की जाने पर उनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पकड़े व्यक्तियों के द्वारा बरामद रकम के बारे में पूछने पर बताया गया कि ग्राम जरेया के अरुण कुमार हजाम और शिव कुमार हजाम को उनके द्वारा 500 ग्राम अफीम बेची गयी है, जिसके बदले में उनके द्वारा 90 हजार दिया गया। पुलिस बल के सहयोग से जब अरुण कुमार हजाम, शिवम कुमार हजाम के घर पर छापामारी की गयी, तो एक व्यक्ति जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा, परंतु दूसरा व्यक्ति शिवम कुमार हजाम उर्फ शिवा पकड़ में आ गया।

आइएफएस टीम की स्थापना और ओव्यूलेशन इंडक्शन पर सीएमइ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय प्रजनन सोसाइटी (आइएफएस) ने आज झारखंड में अपनी नयी टीम की स्थापना के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया, जो रांची के बीएनआर चाणक्य होटल में एक भव्य समारोह में आयोजित किया गया। इस समारोह में डॉ. प्रो. (कर्नल) पंकज तलवार, आइएफसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और डॉ. प्रो. श्वेता मित्तल गुप्ता, क्यग्र की राष्ट्रीय महासचिव, ने अतिथि वक्ता के रूप में भाग लिया और महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। उनके साथ डॉ. जया भट्टाचार्य, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। डॉ. करुणा झा और डॉ. सुनीता झा ने आइएफसी झारखंड चैप्टर के संरक्षक की भूमिका निभायी। पूर्व सचिव, डॉ. अर्चना कुमारी, ने नई टीम का दिल से स्वागत किया और आइएफसी झारखंड चैप्टर के नवागत सचिव, डॉ. रुपाश्री पुरूषोत्तम को पदभार सौंपा। डॉ. पूजा रानी को नए संयुक्त सचिव के रूप में और डॉ. रूही श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर युवा प्रतिभाओं को भी मान्यता दी ग्यी और सम्मानित किया गया। डॉ. राजनारायण साहू, निदेशक, अंकुरम आईवीएफ, और बिनोद कुमार को भ्रूण विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त,इस फील्ड में यंग टर्क जैसे सिस्टर्स, काउंसलर को उनकी समर्पित सेवा के लिए मान्यता दी गयी।

झारखंड भर से 50 से अधिक प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञों ने इस समारोह में भाग लिया, जिनमें डॉ. अनुर्भा विद्यार्थी, डॉ. उषा नाथ, डॉ. प्रीति बाला सहाय, डॉ गीता सिन्हा मानकी , डॉ सुमन सिंह और डॉ. रीता लाल शामिल थीं, जो झारखंड के चिकित्सा समुदाय की सहयोगी भावना को दशार्ती हैं।

इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ओव्यूलेशन इंडक्शन, अंडाशय हाइपरस्टिमुलेशन सिंड्रोम सहायक प्रजनन तकनीक में और आईयूआई और आईवीएफ रोगियों में पतले एंडोमेट्रियम का प्रबंधन पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा सत्र आयोजित किया गया। इन सत्रों का उद्देश्य जटिल प्रजनन मुद्दों से निपटने में चिकित्सकों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाना था। अतिथियों का पारंपरिक झारखंडी गीतों और अनुष्ठानों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसने वैज्ञानिक कार्यक्रम में एक सांस्कृतिक स्पर्श जोड़ा और उन्हें स्थानीय विरासत की जीवंतता से मोहित कर दिया।

यह आयोजन आइएफएस झारखंड चैप्टर के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत करता है, जो क्षेत्र में प्रजनन उपचार और प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति समर्पण और नवाचार के नए दृष्टिकोण का वादा करता है।

कैंसर पीड़ित पत्रकार रवि प्रकाश को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

रांची (आजाद सिपाही)। फेफड़े के कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर ने कैंसर से जूझ रहे पत्रकार रवि प्रकाश को इस साल के पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवार्ड के लिए चुना है। मूल रूप से बिहार के मोतिहारी के रहने वाले रवि प्रकाश अभी रांची में अशोकनगर में किराये के मकान में रहते हैं। वे वर्ष 2007 से रांची में पत्रकारिता कर रहे हैं। रवि प्रकाश को यह पुरस्कार सितंबर में अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सैन डिएगो शहर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कांफ्रेंस में 7 सितंबर को दिया जायेगा। यह पुरस्कार लंग कैंसर के क्षेत्र में मरीजों के मुद्दों को उठाने वाले शख्स को हर साल दिया जाता है। आइएएसएलसी का पेशेंट एडवोकेट एडुकेशनल अवार्ड दुनिया के अलग-अलग देशों में मरीजों की एडवोकेसी के क्षेत्र में काम कर रहे पांच लोगों को हर साल दिया जाता है। इस साल भारत से पत्रकार रवि प्रकाश को चुना गया है।

रांची के विजय की मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में धाक

अभिनेता ने रांची का मान बढ़ाया: आशुतोष

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनता युवा मोर्चा कला-खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर और युवा नाट्य संगीत एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में अभिनेता विजय कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। विजय सिंह ने टीवी सीरियल भाभी जी घर पर, हप्पू की उलटन पलटन कहानी आदि कई और फिल्मों जैसे लगे रहो मुन्ना भाई, जब वी मेट फिल्मों में रोल किया है। उनका घर रांची में है। आशुतोष द्विवेदी, ऋषिकेश लाल ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि विजय कुमार सिंह जाने माने अभिनेता हैं। उन्होंने अपनी मेहनत से मुंबई में भी एक अलग मुकाम हासिल किया है। रांची से मारवाड़ी कॉलेज से इन्होंने इंटर और ग्रेजुएशन कर मुबई की ओर रुख कर लिया। भोजपुरी फिल्म फिरंगी दुल्हनिया, सहिया में भी काम किया है। विजय कुमार सिंह ने कहा कि वह रांची एक निजी कार्य के सिलसिले में आये थे। रांची मेरा घर है। यहां आने से बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।

गोशाला न्यास की बैठक में कार्यक्रमों के लिए बनाये गये संयोजक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गोशाला न्यास में रविवार को चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी परिपूर्णानंद ने गो पूजन और गो सेवा कर गो माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। रांची गौशाला न्यास के प्रवक्ता मनीष लोधा ने बताया कि गोपूजन से पहले रांची गौशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार, राजकुमार टिबडेवाल ने स्वागत किया। कार्यकारिणी समिति की बैठक में कार्यक्रमों के लिए संयोजक बनाये गये। मंत्री प्रदीप राजगढ़िया ने कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी। इसमें रतन कुमार जालान, सज्जन सर्राफ, किशोरी लाल चौधरी, एसएन राजगढ़िया, राजेंद्र बंसल, सुरेश जैन, प्रेम मित्तल, मनीष लोधा, कमल खेतावत समेत अन्य मौजूद थे।

स्कूली खिलाड़ियों का रांची में लगेगा कुंभ

32 खेलों में 47,508 खिलाड़ी दिखायेंगे दमखम

20 जून से स्कूल स्तर से शुरू होगी प्रतियोगिता : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्कूली शिक्षा-साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में इस वर्ष खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आगाज स्कूल स्तर पर 20 जून से होगा। इसके बाद जिला और फिर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रांची में होगी। इसमें अंडर 11-14-17-19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को विभिन्न खेल स्पर्धाओं में शामिल होने का मौका मिलेगा। सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी इन प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखायेंगे। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि इस वर्ष 11 आयु वर्ग तक के बच्चों के लिए स्केटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए जिला और राज्य स्तर पर बैंड प्रतियोगिता का आयोजन होगा। खेलो झारखंड के अंतर्गत अंडर 14-17-19 आयु वर्ग तक के विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, आर्चरी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हॉकी, योगासन, चेस, कराटे, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, मलखंब, जिमनास्टिक्स, हैंडबॉल, स्विमिंग, बास्केटबॉल समेत अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। अंडर 17-19 बालक-बालिका वर्ग के विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट, रेसलिंग, वुशु, गटका, वेटलिफ्टिंग का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओ में 47,508 खिलाड़ी शामिल होंगे।

इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में बच्चे दिखायेंगे प्रतिभा : निदेशक ने बताया कि खेलो झारखंड के तहत इस वर्ष राज्यस्तरीय बैंड प्रतियोगिता होगी। इसमें कक्षा 8-12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रत्येक बैंड दल में न्यूनतम 25 और अधिकतम 33 सदस्य भाग ले सकेंगे। बैंड प्रतियोगिता का आयोजन जिला-राज्यस्तर पर होगा। इस वर्ष जिलों के बीच इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट होगा। प्रत्येक टीम में 15 प्रतिभागी होंगे। प्रतियोगिता 20-20 ओवर की या नॉक आउट पर आधारित होगी।

प्रतियोगिता का कैलेंडर

- 2 सितंबर से 5 सितंबर तक फुटबॉल
- 10 से 13 सितंबर तक खो-खो
- 19 से 21 सितंबर तक क्रिकेट-रेसलिंग
- 24 से 27 सितंबर तक कबड्डी
- 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हॉकी-वुशु
- 5 से 8 अक्टूबर तक वॉलीबॉल
- 15 से 16 अक्टूबर तक आर्चरी-योगा, चेस
- 24 से 27 अक्टूबर तक एथलेटिक्स
- 4 और 5 नवंबर को राज्यस्तरीय बैंड
- 18 और 19 अक्टूबर को ताइक्वांडो, जुडो, बैडमिंटन, साइकिलिंग, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस
- 20 अक्टूबर को गटका, हैंडबॉल, वेटलिफ्टिंग, स्केटिंग, स्क्वाश, फेंसिंग
- 20 और 21 अक्टूबर को कराटे
- 21 अक्टूबर को बॉक्सिंग, टेनिस, नेटबॉल, मलखंब, जिमनास्टिक्स, शूटिंग, स्विमिंग

लाइट हाउस प्रोजेक्ट में आशियाना नहीं हुआ हैंडरओवर

रांची (आजाद सिपाही)। ड्रीम प्रोजेक्ट लाइट हाउस के लाभुकों से एग्रीमेंट हो चुका है, लेकिन ढाई माह बाद भी आशियाना हैंडओवर नहीं किया गया। पेमेंट पूरा करने के बाद लाभुकों को चाबी भी दी गयी, लेकिन फ्लैट नहीं मिला। सोसाइटी के अध्यक्ष सुधीर तिवारी कहते हैं कि हैंडओवर ही नहीं हुआ है, लेकिन पूरी बिल्डिंग की हालत ही खराब होने लगी है। दीवारों में शिपेज है। काम में भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। इसकी शिकायत भी की है। रांची के धुर्वा इलाके में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जनवरी 2021 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया था। प्रोजेक्ट तैयार होने के बाद नगर प्रशासन निदेशक आदित्य आनंद ने 10 लाभार्थियों को टोकन वितरण के रूप में घरों की चाबियां सौंपी। कहा था कि सभी को चरणबद्ध तरीके से अप्रैल तक आवास उपलब्ध करा दिये जायेंगे। लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए किफायती दरों पर 1008 घर बनाये गये हैं, जिसमें प्रति फ्लैट कारपेट एरिया लगभग 315 वर्ग फुट है। यह परियोजना 134 करोड़ रुपये की लागत से 7.5 एकड़ भूमि पर तैयार की गयी है। शिकायत के बाद लाइट हाउस की क्वालिटी जांच करने का आदेश नगर विकास विभाग ने नगर निगम को दिया है। लाभुकों को 6.79 लाख रुपये में फ्लैट आवंटित किये गये हैं।

रांची रेलवे स्टेशन को पीछे से जोड़नेवाली सड़क अधूरी

नौ दिन चले अढ़ाई कोस: चार साल में 72 % काम

2.57 किमी रोड अक्टूबर-2022 में होनी थी कंप्लीट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। चार साल बाद भी रांची रेलवे स्टेशन को पीछे से जोड़ने वाली फोरलेन सड़क की हालत नौ दिन चले चले अढ़ाई कोस वाली जैसी हो गयी है। 2017-18 में स्वीकृत स्कीम में अब दो साल की देरी हो गयी है। पथ निर्माण विभाग ने रांची शहर में रांची रेलवे स्टेशन जाने के लिए दूसरा अप्रोच रोड बनाने की स्वीकृति दी थी। इसके तहत दो रोड बनाये जाने थे, एक ब्रिज का काम है। इसमें पहला रोड नेपाल हाउस डोरंडा के शहीद गोरखा चौक से रांची रेलवे स्टेशन के पीछे प्लेटफार्म संख्या पांच को जोड़ती। करीब 1.5 किमी इस सड़क का निर्माण शुरू हुआ है। बीच में जमीन की समस्या आने से मामला फंसा हुआ था। अब विभाग ने इसे क्लीयर किया है। वहीं, दूसरी सड़क राजेंद्र चौक मेन रोड से पंचवटी चौक होते रेलवे स्टेशन के पीछे निकाली जा रही है। 1.05 किमी सड़क इसके तहत बनायी जानी है। यानि दोनों रोड मिला कर 2.57 किमी रोड बननी है। चार साल में मात्र 72 फीसदी ही काम हो पाया है। इस सड़क को अक्टूबर 2022 में ही बनाना था। विभाग बार-बार इसके निर्माण कार्य में लगी कंपनी मेसर्स सिलदिलिया को एक्सटेंशन दे रहा है। इंजीनियरों ने बताया कि 72 करोड़ से अधिक लागत से बनायी जा रही ये दोनों सड़क को इस वित्तीय वर्ष में पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है।

श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन रविवार को किया गया। इस निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के डुंगरमल अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम प्रांगण में पुर्णमल सर्राफ, संजय गोयल, शिवभगवान अग्रवाल, प्रभात शाह, शोभा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल और सीमा अग्रवाल के द्वारा 1500 श्रद्धालुओं के बीच छोला, भटुरा, वेज पुलाव, समोसा, केसरिया खीर, जलेबी, मिक्चर का पैकेट, शीतल पेय का वितरण किया गया।

श्याम मंदिर में भंडारा का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर में भंडारा का आयोजन हुआ। आज के 113वें श्री श्याम भंडारे की सेवा राकेश शर्मा, उषा देवी शर्मा द्वारा निवेदित की गयी।

ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर चोटिल

रांची (आजाद सिपाही)। ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर संतोष महतो मतदान के दिन चोटिल हो गये। वह कोकर क्षेत्र के बूथों की देख-रेख कर रहे थे। इसी दौरान वह रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास पहुंचे। इसी दौरान पांच-छह लोगों ने उन्हें धक्का दे दिया। वह सड़क पर ही गिर गये। इससे उनके हाथ और छाती में चोटें आयी हैं। उन्होंने डॉक्टर से परामर्श भी लिया है। कहते हैं कि धक्का देनेवालों का पहचानता नहीं हूं। यह साजिश भी हो सकती है।

बरियातू के गार्ड की तबीयत बिगड़ने से मौत

रांची (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र स्थित वी मार्ट में तैनात गार्ड की मौत रविवार को हो गयी। इसके बाद मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग करने लगे। मौत की सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में लोग आक्रोशित हो गये। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि ड्यूटी में तैनात गार्ड की तबीयत बिगड़ गयी थी, जिसके बाद रिम्स में भर्ती कराया गया था। रिम्स में भर्ती कराने के बाद गार्ड की मौत हो गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों से बातचीत कर मामले को शांत कराया।

करमटोली तालाब के सौंदर्यीकरण पर संकट

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने राजधानी के करमटोली तालाब के पास झोंपड़ी में रहने वाले नौ परिवारों को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए अब तक की कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट नगर विकास विभाग से मांगी है। दरअसल, कई माध्यमों से यह बात सामने आयी थी कि करमटोली तालाब के पास झोंपड़ी में रहने वाले परिवार के लिए बनाये गये फ्लैट में वे शिफ्ट नहीं कर रहे हैं, जिस वजह से तालाब सौंदर्यीकरण का काम विगत तीन सालों से लटका हुआ है। हालांकि, रांची नगर निगम इनके लिए थड़पखना के वीर बिरसा नगर में बने अपार्टमेंट में फ्लैट दे रहा है, लेकिन ये लोग अपना खपरैल मकान छोड़ कर वहां जाने को तैयार नहीं है। यहां रहने वाले को फ्लैट देने के लिए फरवरी माह में निगम ने बुलाया था। इनमें से सिर्फ दो लोग लॉटरी में भाग लेने पहुंचे। इस कारण सिर्फ दो लोगों को ही फ्लैट मिल सका। निगम ने सिक्यूरिटी के रूप में 50 हजार रुपये जमा कराने की शर्त रखी है, लेकिन यह राशि देने को तैयार नहीं हैं। हालांकि निगम किस्त में भी यह राशि लेने को तैयार है। बावजूद इसके अभी तक कोई खास पहल इनके द्वारा नहीं की गयी। सीएस कार्यालय से मिले पत्र के आलोक में नगर विकास विभाग ने रांची नगर आयुक्त को पत्र लिखा है और अविलंब मामले का समाधान करने को कहा है, ताकि करमटोली तालाब के सौंदर्यीकरण का काम पूरा कराया जा सके।

अबुआ आवास योजना: जून से मिलने लगेगी दूसरी किस्त, 50-50 हजार खाते में जायेगा

रांची (आजाद सिपाही)। अबुआ आवास योजना के लाभुकों को जून माह से दूसरी किस्त की राशि मिलनी शुरू हो जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग इसकी तैयारी कर रहा है। दूसरी किस्त के रूप में योग्य लाभुकों को 50-50 हजार रुपये तक दिये जायेंगे। चुनाव आचार संहिता हटते ही राशि जारी की जायेगी। यह राशि सिर्फ उन लाभुकों को मिलेगी, जिन्होंने पहली किस्त में मिले 30-30 हजार रुपये को खर्च कर दिया और जियो टैगिंग करते हुए फोटो वेबसाइट में अपलोड कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 1.60 लाभुकों को पहली किस्त की राशि दी गयी थी। इनके बीच 550 करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे। इनमें करीब 25 हजार से अधिक लाभुकों ने काम शुरू करते हुए फोटो अपलोड किया है, ऐसे में तत्काल इन्हें राशि दी जायेगी। शेष को काम के अनुसार आवंटन किया जायेगा। बता दें कि अबुआ आवस योजना से तीन कमरों का आवास बनाया जाना है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	34.2 °c	25.5 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.28 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.03 बजे

तेज रफ्तार वाहन ने मासूम बच्चे की जान ली, आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

पाकुड़। जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वैन की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद वैन चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। वहीं, हादसे के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गये और सड़क जाम कर हंगामा करने लगे। लोगों में पुलिस के खिलाफ नाराजगी भी जाहिर की।

जानकारी के मुताबिक सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी गांव की एक महिला अपने तीन वर्षीय बेटा फैसल अंसारी को लेकर अपने रिश्तेदार के घर जा रही थी। इस दौरान जैसे ही वाहन से अपने बेटे को नीचे उतारी कि पीछे से तेज रफ्तार पिकअप वैन ने धक्का मार दिया, जिससे बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आये और फरार चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। इसके अलावा मृतक के परिजन को मुआवजा देने, तेजी व लापरवाही से वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई करने की भी मांग लोगों ने की।

थाना प्रभारी ने समझा बुझाकर जाम हटवाया : घटना की सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना प्रभारी नवीन कुमार पुलिसबल के साथ पहुंचे, जहां आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर उन्हें शांत करवाया। थाना प्रभारी का कहना है कि इस घटना में पुलिस द्वारा पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

सीसीएल कोयला खदान में चार मजदूरों को पीटा

काम बंद करने की दी धमकी, गुस्से में मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के खलारी में स्थित सीसीएल एनके एरिया की विश्व बैंक संपोषित केडीएच परियोजना के कोयला खदान में काम कर रहे मजदूरों के साथ ग्रामीणों ने शनिवार रात जम कर मारपीट की है। घटना में चार कर्मचारी घायल हुए हैं, जिन्हें डकरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने मजदूरों से कहा है कि वे काम बंद कर दें।

कोयला खदान के घायल कर्मियों ने बताया कि हमला करने वालों की संख्या 10 के आसपास थी। वे सभी लोग जामुनदोहर बस्ती के रहने वाले हैं। उन्हीं लोगों ने उनके साथ मारपीट की। ग्रामीणों ने खदान में काम कर रहे लोगों से कहा कि वे काम बंद कर दें। यदि काम बंद नहीं किया तो उसका परिणाम उन्हें भुगतना होगा।

सीसीएल प्रबंधन के पीओ अनिल कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि पुलिस से बात करके दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम लोग मारपीट करने वालों की पहचान करने में लगे हुए हैं, ताकि उन्हें नामजद अभियुक्त बनाया जा सके। श्रमिक संगठन के लोगों ने घटना के विरोध में रात से ही पूरी परियोजना का काम बंद करा दिया है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलने की संभावना,नौकरी में उन्नति।

वृष शत्रुओं पर दबाव बनाने में सफल रहेंगे। कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता

मिथुन इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

कर्क आपके परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा, पुराने शुभचिंतक काम आयेंगे।

सिंह सामाजिक संपर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

कन्या नयी आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

तुला विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

वृश्चिक राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

धनु आत्मविश्वास की वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

मकर आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

कुंभ लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा।

मीन परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

एक्वा वर्ल्ड में बच्चों ने जमकर किया धमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक्वा वर्ल्ड मछली घर में रविवार को हॉली डे शृंखला के अंतर्गत कार्टन संडे आयोजित किया गया। यह बच्चों के नाम रहा। बच्चों के लिए एक सेल्फी कॉर्नर बनाया गया था, जहां बच्चे सेल्फी ले रहे थे। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस कंपटीशन भी हुआ। कार्यक्रम में बच्चों को एक्वा वर्ल्ड ग्रुप की को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निदेशक सुमित रूंगटा, संतोष कुमार, शांभवी प्रभा, आनंद आदि भी उपस्थित थे। 2 जून को समर हॉली डे शृंखला के अंतर्गत हॉरर थीम पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे से किया जायेगा।

विजेताओं की सूची

फैंसी ड्रेस-आकाश आनंद, श्रेया प्रिया, रविशंकर
क्विज-संजना, सोना, दानिन, निषाद, पुलकित, साध न्यास, शिवांश, गुनित, जोहैन, आरव।

मैट्रिक-इंटर में खराब रिजल्ट की समीक्षा में जुटा विभाग

- 75 प्रतिशत उपस्थिति की रिपोर्ट होगी तैयार
- निदेशक ने पत्र भेजकर सभी जिलों से मांगी रिपोर्ट
- 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति और 30 दिन अनुपस्थित होने पर कटेगा नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्कूली शिक्षा-साक्षरता विभाग ने मैट्रिक-इंटरमीडिएट में खराब रिजल्ट की समीक्षा में जुट गया है। विभागीय निर्देश के बाद राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी जिलों को पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी है। इसमें कहा गया है कि प्रावधानों के मुताबिक 10वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की अपने स्कूल में 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी है। इससे कम उपस्थिति और फेल छात्रों पर विभाग की नजर है। इसकी रिपोर्ट तैयार करायी जायेगी। निदेशक ने कहा है कि स्कूलों में 75 प्रतिशत उपस्थिति और लगातार 30 दिनों तक अनुपस्थित रहने वाले स्टूडेंट्स का नामांकन रद्द करने संबंधी दिशा-निर्देश पहले से निर्गत है। इसके आलोक में सीएम आदर्श स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में दसवीं और बारहवीं क्लास के वैसे स्टूडेंट्स, जो अनुत्तीर्ण हो गये, उनकी स्कूलों में क्या उपस्थिति रही, उससे संबंधित रिपोर्ट दें। इसके पिछले सत्र की भी उपस्थिति संबंधी रिपोर्ट तैयार मांगी है। साथ ही ऐसे सभी स्कूल जिनमें 10 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट्स अनुत्तीर्ण हुए हैं। उनकी रिपोर्ट भी तैयार कर जल्द से जल्द परियोजना कार्यालय को भेजने को कहा है। रिपोर्ट को तैयार करते समय जिला, स्कूल का नाम, कक्षा, संकाय, बोर्ड परीक्षा में शामिल स्टूडेंट्स की संख्या, उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण स्टूडेंट्स की संख्या मांगी गयी है।

हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का समय 10 जून से बदला

हावड़ा से ट्रेन अब दिन के 2.35 बजे खुलेगी

रांची। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 20897 हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की समय सारिणी में परिवर्तन किया है। 10 जून से यह ट्रेन बदले हुए टाइम टेबल से चलेगी, जिसके लिए रेलवे ने शिड्यूल भी जारी कर दिया है। हावड़ा से प्रस्थान 14.35 बजे और रांची में आगमन रात दस बजे होगा।

नक्सलियों ने पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए चतरा लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही प्रतिशोध में पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दिया। यह घटना अति नक्सल प्रभावित कुंदा थाना क्षेत्र के हिंदियाकला गांव की है। टीएसपीसी हथियारबंद नक्सलियों ने शनिवार की रात हिंदियाकला गांव में पहुंचकर पिता-पुत्र को अपने कब्जे में लेकर पहले उनकी बेरहमी से पिटाई की और फिर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। कुछ दिन पूर्व मृतक पंकज बिरहोर व उसका भाई विधायक बिरहोर ने टीएसपीसी के एक नक्सली मंटू गंझू को प्रधानमंत्री आवास योजना में लेवी मांगने के दौरान पकड़कर हथियार के साथ पुलिस के हवाले कर दिया था। घटना के बाद नक्सली का गुस्सा सातवें आसमान पर था। इसी का प्रतिशोध लेने के लिए नक्सलियों ने शनिवार की देर रात घटना को अंजाम दिया।

प्रति आवास दस हजार रुपये लेवी की मांग का विरोध करता था पंकज और उसका भाई विधायकः मृतक के भाई विधायक बिरहोर के अनुसार जिले के पूर्व उपायुक्त अबु इमरान कुछ दिन पूर्व गांव का दौरा कर 10 बिरहोर परिवारों को बिरसा आवास दिया था। जिसकी देखरेख दोनों कर रहे थे। इसी दौरान पहले भी टीएसपीसी नक्सलियों के छह सदस्यों का एक दस्ता गांव में पहुंचकर प्रति आवास दस हजार रुपये लेवी की मांग किया। जिसका विरोध करते हुए पंकज और उसके भाई विधायक ने ग्रामीणों के सहयोग से दस्ते में शामिल हथियारबंद उग्रवादी मंटू गंझू को पड़कर हथियार के साथ पुलिस के हवाले कर दिया था। परिजनों के अनुसार नक्सलियों को गांव में लाने में गांव के ही सुदेश्वर यादव नामक शख्स ने भूमिका निभाई थी। जिसे पुलिस ने पड़कर जेल भेज दिया है।

नक्सलियों से घिरे होने के बाद भी पंकज ने दो नक्सलियों की धुनाई कर दिया थाः मृतक के भाई के अनुसार देर रात करीब 60 से 70 की संख्या में आये वर्दीधारी हथियारबंद टीएसपीसी नक्सली दस्ते ने पहले घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। घर में सो रहे पंकज और उसके वृद्ध पिता ने दरवाजा नहीं खोला तो नक्सलियों ने तोड़ने का प्रयास किया। जब दरवाजा नहीं टूटा तो घर में लगे एस्बेस्टस सीट को तोड़कर नक्सली छत के ऊपर से घर मे बंद परिजनों पर ईंट, पत्थर और टांगी से हमला किया। यह देख पंकज ने घर का दरवाजा खोलते हुए हाथ मे रखे टांगी से नक्सलियों पर धावा बोल दिया। इस दौरान उसने दस्ते में शामिल दो नक्सलियों की पिटाई भी कर दी। इसके बाद नक्सलियों ने पंकज को पकड़कर पहले उसकी बेरहमी से पिटाई की और फिर घर के आंगन में ही उसे दो गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। पंकज की हत्या के बाद नक्सली उसके भाई को ढूंढने लगे। जब भाई घर में नहीं मिला तो बौखलाए नक्सलियों ने घर के भीतर सो रहे पंकज के वृद्ध पिता को घसीट कर बाहर निकाला और ईंट, पत्थर और लोहे के रड से पीटकर उनकी भी निर्मम हत्या कर दिया। नक्सलियों के आने के कुछ मिनट पहले पंकज का बड़ा भाई घर से खाना खाकर बाहर निकला था, जिससे उसकी जान बच गयी। सुरक्षा कारणों से पुलिस पदाधिकारी नहीं पहुंचे घटनास्थल

पुलिस अधिकारी सुरक्षा कारणों से घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। वहां से 5 किलोमीटर दूर बौरा शरीफ से पुलिस पदाधिकारी ने घटना की जानकारी लिया।

गांव में पुलिस पिकेट बनाने की मांग

घटना के बाद मृतक के परिजनों ने गांव में पुलिस पिकेट बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में हमेशा विभिन्न नक्सली संगठनों का वर्चस्व रहा है। यह गांव प्रतापपुर और कुंदा प्रखंड मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर घनघोर जंगल में स्थित है। नक्सल गतिविधि की सूचना पर जब तक पुलिस पहुंचती है तबतक नक्सली घटना को अंजाम देकर आराम से चलते बनते हैं। जिससे ग्रामीण दहशत में जीने को विवश हैं।

एक्यूप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक्यूप्रेशर संस्थान रांची के तत्वावधान में 32वां एक्यूप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ रविवार को फूल बाबा आश्रम में हुआ। शिविर का शुभारंभ मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष सह अग्रवाल सभा रांची एवं कृष्ण प्रणामी के मंत्री मनोज कुमार चौधरी एवं संस्थान के अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने संयुक्त रूप से गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। मनोज चौधरी ने कहा कि आप नये प्रशिक्षणार्थियों से निवेदन है कि एक्यूप्रेशर के बारे में तन्मयता से सीखकर अपने परिवार और समाज को निरोगी करें। स्व. डॉ. लालचंद बगड़िया ने एक्यूप्रेशर का प्रचार-प्रसार करके लोकप्रिय बनाया। उनके द्वारा लगभग दस हजार लोगों को इस विधि का ज्ञान कराया था। अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने कहा कि एक्यूप्रेशर को वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली बनाने के क्रम में यह संस्थान द्वारा 32वां प्रशिक्षण शिविर है। एक्यूप्रेशर रत्न डॉ संतोष झा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में 26 प्रशिक्षणार्थी इस विद्या का ज्ञान अर्जन कर रहे हैं। अब तक 31 शिविरों के माध्यम से लगभग 775 लोगों ने एक्यूप्रेशर की बेसिक जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। संस्थान द्वारा लेक रोड पश्चिम स्थित फूल बाबा आश्रम के प्रांगण में प्रतिदिन प्रातः 7:30 से 10 बजे तक निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा केंद्र के माध्यम से विभिन्न प्रकार के रोगियों एवं निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा रोगियों का ईलाज किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत जगणानी द्वारा एक्यूप्रेशर वाणी स्मारिका का लोकार्पण किया गया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम प्रकाश अग्रवाल, अजीत कुमार, गिरीश गोकुलका, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ दीपक कुमार, डॉ प्रतिमा सिंहा, प्रदीप कुमार चौधरी, रवि रंजन, विनोद कुमार, आलोक वर्मा, अजीतौ कुमार प्रसाद, रेखा देवी, नीलू जैन, मीरा कुजुर, संतोष खेतान, नीलू साबू, रेखा लाल सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी शिविर के संयोजक कृष्ण कुमार पाड़िया ने दी।

कोबरा के काटने से मरासिल्ली पहाड़ पर नागा साधु महंत लालगिरी की मौत, ग्रामीणों ने सांप को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। रांची के नामकुम मरासिल्ली पहाड़ पर नागा साधु महंत लालगिरी की सांप से काटने से मौत हो गयी। पहाड़ी पर ही लाल गिरी बाबा को कोबरा ने काट लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार रात को जब वो जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान बांये हाथ के बीच वाली अंगुली पर जहरीले सांप पर कांट लिया। महंत के मौत से शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के सदस्यों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं स्थानीय लोगों ने उस सांप को पकड़ लिया है।

बताया जाता है कि शनिवार की रात शिवलोक धाम में बने कमरे में जमीन पर बिस्तर बिछाकर सो गये थे। रात 3 बजे उनकी हालत बिगड़ने पर उन्होंने पहाड़ के नीचे दुकान चलाने वाले कार्तिक को फोन किया। कहा कि तबीयत ठीक नहीं लग रही है। सांप ने काट लिया है। जल्दी आओ। कार्तिक एक अन्य साथी को लेकर पहाड़ पर चढ़ रहा था। तभी रास्ते में महंत लाल गिरी मिले। आनन-फानन में कार्तिक उन्हें लेकर राजाउलातू चौक पहुंचा। झाड़-फूंक शुरू होने से पहले ही साधु गिर गये। वहीं उनकी मौत हो गयी।

कमरे में मिला जहरीला सांप, स्थानीय लोगों ने पकड़ा : घटना की सूचना मिलने पर ट्रस्ट के सदस्य और स्थानीय लोग पहाड़ पर पहुंचे। उन्होंने महंत लाल गिरी के कमरे की जांच की, तो उसमें एक जहरीला सांप मिला। इस सांप को सांप पकड़ने वाले स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची एवं मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में मातम पसर गया। साधु को मानने वाले लोग दूर-दूर से उनके अंतिम दर्शन के लिए शिवलोक धाम पहुंचे। साधु को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए आ रहे लोगों ने उनके शव पर फूल-माला भी चढ़ाये।

पोस्टमार्टम कराया

मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम पुलिस भी मौके पर पहुंची, जहां स्थानीय लोगों ने बताया कि लाल गिरी बाबा की मौत सांप काटने से हुई है। मुख्यालय डीएसपी वन अमर पांडे ने कहा कि लाल गिरि बाबा के शव का पोस्टमार्टम भी कराया जायेगा, इसके लिए नामकुम थाने को निर्देश जारी कर दिया गया है।

तूफान का झारखंड में दिखेगा असर

छह दिनों तक बारिश, तापमान 5 डिग्री गिरेगा

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रेमल तूफान का असर झारखंड में भी दिखेगा। अगले छह दिनों तक बारिश होने की संभावना जतायी गयी है। मौसम केंद्र के अनुसार झारखंड में एक जून तक बारिश के आसार हैं। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है। मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तीन से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। 27 मई को भी राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भागों के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 28 मई को पूर्वी और मध्य भागों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। 29 और 30 मई को उत्तर पूर्वी भागों, 31 मई और 1 जून को झारखंड के पूर्वी भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग की सलाह

खराब मौसम में घर से बाहर रहने पर सजग रहें।
सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।
भूलकर भी पेड़ के नीचे नहीं रुकें
बिजली के खंभों से दूर रहें।
किसान खेतों में नहीं जायें।
मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।

तकनीकी जासूसी

अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इन दिनों एक खबर प्रमुखता बनाये हुए है, जिसका सार यह है कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया समेत पश्चिम के देशों की इन दिनों एक नयी चुनौती सामने आने के बाद नींद उड़ी हुई है। यह चुनौती पैदा हुई है चीन द्वारा कथित तौर पर की जा रही नये तरीके की जासूसी से। विश्व में बड़े प्लेयर की भूमिका निभाने वाले इन देशों की खुफिया एजेंसियां आरोप लगा रही हैं कि चीन तकनीक और औद्योगिक जासूसी के काम में बरसों से लिप्त है, लेकिन इस तरफ किसी का सहजता से ध्यान नहीं गया। यह मामला खुफिया एजेंसियों द्वारा जिस तरह के मामलों की जासूसी की जाती है, उससे बिल्कुल ही अलग है। बीबीसी को दिये इंटरव्यू में ऑस्ट्रेलिया की खुफिया एजेंसी ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा और खुफिया संगठन (अरक्ह) माइक ब्रगेस का कथन प्रकाशित हुआ है, जिसमें कहा गया है कि उनकी एजेंसी बीते 74 सालों में इतनी व्यस्त कभी नहीं रही, जितनी अब व्यस्त है। पश्चिमी देशों ने इस खतरे को समझने में देरी की है। दरअसल हम सामूहिक तौर पर चूक गये हैं। कमर्शियल जासूसी बिल्कुल अलग मामला है। ऐसे मामलों पर अब ब्रिटेन की एम 16 विदेशी खुफिया एजेंसी प्रमुख का भी बयान इंटरनेशनल मीडिया में सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि चीन ये लंबे समय से करता आ रहा है। तो क्या चीन की उत्पादन और निर्माण में दुनिया भर में बादशाहत या कहें राज करने की स्थिति तक पहुंचने में इस कमर्शियल जासूसी का ही बड़ा योगदान है? इसका जवाब हां में निकल कर आ रहा है, क्योंकि पश्चिम ने जो आरोप लगाया है उसमें कहा गया है कि चीन का कमर्शियल जासूसी नेटवर्क एकत्रित की गयी सूचनाओं को चीन की कंपनियों से सांझा करता है। जाहिर-सी बात है इन सूचनाओं का उपयोग चीनी कंपनियां अपने प्रोडक्ट के निर्माण और गुणवत्ता और नये आविष्कारों के लिए करती हैं। इसे समझने के लिए हमें 80 के दशक में जाना होगा। वर्ष 1980 में चीन ने पहली बार 4 स्पेशल इकोनॉमिक जोन बनाये थे। जिन्हें एसइजेड कहा जाता है। यानी आज से तकरीबन 43 वर्ष पहले चीन ने बड़े औद्योगिक स्तर पर वस्तुओं के निर्माण की दिशा में बड़ा और ठोस कदम बढ़ा लिया था। इससे पहले आयरलैंड में 1950 में एसइजेड स्थापित किया गया था। उसके बाद कुछ अन्य देशों में भी ऐसे प्रयास हुए, लेकिन वहां वो सफलता शायद नहीं मिल पायी, जो चीन ने हासिल कर ली। चीन एसइजेड के माध्यम से न केवल विश्व में बड़ा निर्माता बन कर उभरा है, बल्कि विश्व की कई बड़ी कंपनियों को अपने उद्योग चीन में स्थापित करने के लिए प्रेरित करने में कामयाब रहा। आज जब पश्चिम के देश चीन द्वारा कथित तौर पर की जा रही कमर्शियल एवं औद्योगिक जासूसी को लेकर चिंतित हैं और इस पर न केवल अब खुल कर बोल रहे हैं, बल्कि चर्चा कर रहे हैं। ऐसे में भारत को निर्माण और निवेश के विषय को और ज्यादा गंभीरता से लेते हुए अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने पर जोर देना होगा।

चीन एसइजेड के माध्यम से न केवल विश्व में बड़ा निर्माता बन कर उभरा है, बल्कि विश्व की कई बड़ी कंपनियों को अपने उद्योग चीन में स्थापित करने के लिए प्रेरित करने में कामयाब रहा।

अभिमत
आजाद सिपाही

बहरहाल, आज देशभर में 1000 से अधिक विश्वविद्यालय और 42,000 से अधिक कॉलेज उच्च शिक्षा प्रदान करने का काम कर रहे हैं, लेकिन इनके पास अभी भी पर्याप्त पूंजी, कुशल शिक्षक और आधारभूत संरचना की कमी है। भारत का कोई कॉलेज या विश्वविद्यालय आज भी दुनिया में शीर्ष 10 स्थानों पर काबिज नहीं है। भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के बावजूद सबसे बड़ी चुनौती है। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, जिसे बुनियादी सुविधाओं, कुशल शिक्षक और पूंजी उपलब्ध कराकर प्रदान किया जा सकता है।

विदेशों में शिक्षा ग्रहण करनेवाले छात्रों की संख्या में वृद्धि

सतीश सिंह

भले ही भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है, लेकिन अभी तक भारत में गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्राप्त करने के पर्याप्त विकल्प एवं अवसर उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि यहां के छात्र विदेश पढ़ने जाते हैं। हालांकि ये छात्र वहां पढ़ाई के क्षेत्र में दुश्वारियों से ज्यादा अपनी जान को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। दरअसल, कई मुल्कों में भारतीय छात्रों पर जानलेवा हमले की संख्या बढ़ी है।

बहरहाल, आज देशभर में 1000 से अधिक विश्वविद्यालय और 42,000 से अधिक कॉलेज उच्च शिक्षा प्रदान करने का काम कर रहे हैं, लेकिन इनके पास अभी भी पर्याप्त पूंजी, कुशल शिक्षक और आधारभूत संरचना की कमी है। भारत का कोई कॉलेज या विश्वविद्यालय आज भी दुनिया में शीर्ष 10 स्थानों पर काबिज नहीं है।

भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के बावजूद सबसे बड़ी चुनौती है। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, जिसे बुनियादी सुविधाओं, कुशल शिक्षक और पूंजी उपलब्ध कराकर प्रदान किया जा सकता है। विदेश में बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा शिक्षा ग्रहण के कारण भारत से पूंजी का बहाव विदेशों में हो रहा है और साथ में प्रतिभा का पलायन भी हो रहा है।

भारत में मेडिकल सीट कम होने की वजह से यहां मेडिकल की पढ़ाई बहुत ही महंगी है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार जनवरी 2023 तक 15 लाख भारतीय छात्र विदेशों में पढ़ाई कर रहे थे, जबकि 2022 में यह संख्या 13 लाख थी और 2024 में इस संख्या के 24 लाख पहुंचने की संभावना है।

आंकड़ों के अनुसार चीन के बाद भारत से सबसे अधिक छात्र विदेश पढ़ने जाते हैं। भारतीय छात्र उच्च शिक्षा जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, व्यवसाय प्रबंधन में डिग्री एवं डिप्लोमा हासिल करने के लिए चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, यूक्रेन, रूस, आस्ट्रेलिया, इंगलैंड, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका आदि देश जा रहे हैं।

2020 से 2021 के दौरान विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों से ज्यादा बच्चे विदेश में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं, जिसका कारण सामाजिक स्टेटस सिंबल और विदेश में रहने की ललक है।

विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों में से 20 प्रतिशत छात्र ही अपनी पढ़ाई पूरी करके विदेश से भारत वापस लौटना चाहते हैं, जबकि 80 प्रतिशत छात्र वहीं बसना चाहते हैं। विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों में 35 प्रतिशत छात्र अमरीका में शिक्षा हासिल कर रहे हैं। आज अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में हर 4 छात्रों में से 1 छात्र भारतीय मूल का है। 2024 में ये छात्र विदेशों में 75 से 85 अरब डॉलर रुपए खर्च कर सकते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में विदेशी मुद्रा में 5 अरब रुपये खर्च किये गये। कोरोना महामारी के शुरू होने से पहले विदेशों में अध्ययनरत छात्र विदेश की अर्थव्यवस्थाओं में 24 बिलियन डॉलर का व्यय किये थे, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1 प्रतिशत था। 2024 में इस राशि के बढ़ कर 80 बिलियन डालर होने का अनुमान है। अगर भारतीय छात्र विदेश पढ़ाई करने नहीं जाते तो विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल आयात की जरूरत को पूरी करने में किया जाता, देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आती, अर्थव्यवस्था में मजबूती आती, देश की शिक्षा व्यवस्था मजबूती होती, देश की प्रतिभा का इस्तेमाल देश में किया जाता आदि।

आंकड़ों के अनुसार चीन के बाद भारत से सबसे अधिक छात्र विदेश पढ़ने जाते हैं। भारतीय छात्र उच्च शिक्षा जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, व्यवसाय प्रबंधन में डिग्री एवं डिप्लोमा हासिल करने के लिए चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, यूक्रेन, रूस, आस्ट्रेलिया, इंगलैंड, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका आदि देश जा रहे हैं। मेडिकल की डिग्री हासिल करने के लिए भारतीय छात्र लगभग 3 दशकों से रूस, चीन, यूक्रेन, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, फिलीपींस आदि देश जा रहे हैं, क्योंकि भारत में मेडिकल सीट कम होने की वजह से यहां मेडिकल की पढ़ाई बहुत ही महंगी है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अनुसार वित्त वर्ग 2021-22 में देश में महज 596 मेडिकल कॉलेज थे, जहां कुल मेडिकल सीटों की संख्या महज 88,120 थी।

हालांकि इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए विदेश जाने के दृष्टांत कम है। गाहे-बगाहे बीते कई वर्षों से विदेशों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की हत्या और उनके साथ भेदभाव व्यवहार किया जा रहा है, लेकिन कोरोना महामारी और रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद विदेश में अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा को लेकर ज्यादा चिंता महसूस की गयी, क्योंकि इस अवधि में अनेक देशों में हजारों छात्र कोरोना महामारी के शिकार बने। यहीं, महामारी के दौरान आस्ट्रेलिया के शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों के लिए वहां की सरकार ने देश की सीमाएं भी बंद कर दी थीं। इससे इतर, रूस एवं यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के कारण युद्ध के शुरुआती दौर में यूक्रेन में 20,000 से अधिक छात्र फंस गये थे। कुछ महीने पहले भी कनाडा में कुछ कॉलेजों के बंद होने के कारण सैंकड़ों भारतीय छात्र प्रभावित हुए।

फरवरी 2024 में अमेरिका के सेंट लुईस स्थित वाशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र अमरनाथ घोष की हत्या कर दी गयी। विदेश मंत्रालय के अनुसार 2018 से अब तक विदेशों में पढ़ रहे 400 से अधिक छात्रों की मौत हो चुकी है, जिनमें कुछ प्राकृतिक मौत थी तो कुछ हत्या। छात्रों की सबसे अधिक मौतें कनाडा में हुई हैं।

जमशेदपुर की खबरें

कदमा में पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा का अनावरण, शिविर में 59 यूनिट रक्त संग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। संताली लिपि ओलचिकी के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू के जन्म जयंती के अवसर पर आदिवासी संताड़ जाहेरथान कमिटि के द्वारा कदमा में उनके मूर्ति का अनावरण समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. हीरालाल मुर्मू व विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व रांची हाईकोर्ट के अधिवक्ता मदन मोहन सोरेन उपस्तित हुए। मौके पर कमिटि के पदाधिकारीओ ने अतिथियों का

स्वागत किया गया। मौके पर काफी संख्या में महिला,पुरुष के साथ युवा शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मुर्मू ने कहा रक्तदान हम सबके लिए महादान है। भारत में इसकी शुरूआत 1942 में प्रथम विश्व युद्ध के समय हुई थी। इसके लिए सभी को आगे आना होगा। वही विशिष्ट अतिथि रांची हाईकोर्ट के अधिवक्ता मदन मोहन सोरेन ने कहा पंडित रघुनाथ मुर्मू ने ओलचिकी को स्थापित करने में ऐतिहासिक पहल की थी। उन्होंने अंतिम समय तक संताली सहित्य, संस्कृति और सरना धर्म की प्रचार प्रसार में लगे रहे। उनका योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। अधिवक्ता श्री सोरेन ने कहा आदिवासी और मूलवासी को सरना धर्म कोड नहीं मिलने से उनके अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न होने की संभावना है। मौके पर रक्तदान शिविर में कुल 59 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर आदिवासी संताड़ जाहेरथान के भुआ हांसदा, विक्रम बास्के,पंचू हांसदा सुमित्रा बेसरा, शांति माझी, जमशेदपुर ब्लड डोनर एसोसिएशन की टीम, रक्तदान प्रेरक राजेश मार्डी ने अहम भूमिका निभाई।

इवीएम स्ट्रांग रूम में सील, 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, अर्धसैनिक बलों के हाथों में है सुरक्षा की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर संसदीय सीट पर शनिवार को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो गया। देर रात से लेकर रविवार सुबह तक ईवीएम पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद रविवार को को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम को रखने की व्यवस्था की गयी और रुम को सील कर दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, अनन्य मित्तल, डीडीसी मनीष कुमार, एसएसपी किशोर कौशल सहित तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। रविवार से लेकर काउंटिंग के

दिन तक पूरा परिसर सील रहेगा। वहीं पूरे परिसर की निगरानी के लिए 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से पूरे इलाके की निगरानी की जाएगी. पूरे परिसर की सुरक्षा अर्धसैनिक बलों के हाथों में है। बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह निषेध है। राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को भी सीमित स्थान तक ही प्रवेश की अनुमति होगी। उपायुक्त ने बताया कि शनिवार देर शाम तक हुए मतदान के बाद जिले में मतदान के प्रतिशत में 4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जो 64.30 बढ़कर 68.71 प्रतिशत हो गया। उन्होंने बताया कि पूरी रात शहरी क्षेत्र के ईवीएम आने का सिलसिला जारी रहा। रविवार को सुबह सुदूरवर्ती क्षेत्रों के ईवीएम पहुंचने के बाद उसे स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। मौके पर मौजूद वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया है की को-ऑपरेटिव कॉलेज के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। पूरे परिसर में अर्धसैनिक बल एवं जिला पुलिस की नियुक्ति की गई है। विदित हो कि पूरे देश में मतगणना 4 जून को होगी। इसी दिन स्ट्रांग रुम को खोला जाएगा और मतगणना प्रारंभ होगी।

प्रधान जिला जज ने किया घाघीडीह जेल का निरीक्षण, चिकित्सा सुविधा का लिया जायजा

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा पूर्वी सिंहभूम अनील कुमार मिश्रा ने रविवार को घाघीडीह सेन्ट्रल जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संप्रेक्षण गृह का भी दौरा किया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश के साथ अन्य न्यायिक पदाधिकारियों में बिमलेश सहाय एडीजे 1 व विशाल गौरव सीजेएम तथा डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद मौजूद थे। प्रधान जिला जज ने निरीक्षण के दौरान जेल के कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे बाथरूम, शौचालय, साफ-सफाई, स्वच्छता और पीने के पानी आदि की जांच के लिए कैदी वार्डों का निरीक्षण किया साथ ही जेल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान महिला वार्ड और किचेन का भी निरीक्षण किया। जेल में उपलब्ध वीसी सिस्टम, ई मुलाकात सिस्टम , किचेन सिस्टम, कौशल घर , महिला वार्ड आदि का भी निरीक्षण किया और जेल में रह रहे कैदियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया। साथ ही साथ इस दौरान जेल अधिकारी, जेल डॉक्टर सहित कई कैदी मरीज भी मौजूद थे। इसके अलावा जिला जज ने संप्रेक्षण गृह में जाकर बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण भी किया।

टेबो घाटी में ट्रक से 3.14 करोड़ का डोडा जब्त, पांच लाख नकद बरामद, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रक सहित 3 करोड़ 14 लाख रुपये से अधिक का डोडा जब्त किया है। इसमें चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य तस्कर फरार हो गया। पुलिस ने एक राजस्थान नंबर ट्रक को जब्त किया है। तस्कर बदंगांव की तरफ से चक्रधरपुर से चाइबासा जा रहा था। तस्कर पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिए डोडा के ऊपर खाली बोरा और तेल का टीना रखा हुआ था, ताकि किसी को जानकारी ना हो सके। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि करोड़ों का डोडा चाइबासा की तरफ जा रहा है। सूचना महत्वपूर्ण थी, इसलिए एसपी ने तत्काल पश्चिमी सिंहभूम

जिले के चक्रधरपुर के एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम का गठन होने के बाद रांची चाइबासा मुख्य मार्ग एनएच 75 ई पर टेबो घाटी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस को बंदगांव से एक टाटा कंपनी का ट्रक चक्रधरपुर की तरफ जाते हुए देखा गया। बाद में पुलिस ने वाहन को रोका। इसके बाद वाहन की तलाशी ली गयी, तो मामले का खुलासा हो गया। बाद में पुलिस चालक और खलासी को हिरासत में लेते हुए ट्रक को जब्त कर टेबो थाना ले गयी, जहां जांच पड़ताल की, तो टाटा कंपनी के ट्रक के ऊपर से 67 बंडल में प्रत्येक बंडल में 48 पीस बोरा, 415 तेल का खाली डिब्बा मिला। उसके नीचे 135 प्लास्टिक के बोरा में 2096 किलो ग्राम अफीम डोडा मिला, जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ चौदह लाख रुपये है। डोडा का परिवहन ओड़िशा, छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान तक करने की योजना थी। ट्रक चालक तथा खलासी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा तीन स्मार्टफोन और वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। इस संबंध में टेबो थाना पुलिस ने चालक और खलासी सहित अज्ञात पर टेबो थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

डोडा खरीदने राजस्थान से आते हैं तस्कर

पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने 15 दिन के अंतराल में दो ट्रक सहित लगभग 9 करोड़ रुपये का डोडा जब्त किया है। दोनों ट्रक राजस्थान के हैं। शनिवार को जिस ट्रक का चालक और खलासी गिरफ्तार हुआ है वह भी राजस्थान का है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि राजस्थान का तस्कर नशे के कारोबार में लिप्त है। पुलिस के लिए मुख्य तस्कर की गिरफ्तारी अब चुनौती बन गई है। बताया जाता है कि शनिवार को जिस ट्रक को जब्त किया गया, वह ट्रक भी राजस्थान जाने वाला था।

घाटशिला कॉलेज में यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन आज से, 19 जून तक करें आवेदन

घाटशिला (आजाद सिपाही)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर चांसलर पोर्टल पर आनलाइन आवेदन 27 मई से 19 जून तक किया जा सकेगा। इसको लेकर कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। नामांकन के संदर्भ में घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि 4 वर्षीय स्नातक यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन हेतु इंटर पास छात्र-छात्राएं चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करेंगे। जो विद्यार्थी सीयूईटी परीक्षा में शामिल हुए हों या नहीं भी हुई हों, सभी नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल पर आवेदन करेंगे। चांसलर पोर्टल पर आवेदन के बाद घाटशिला महाविद्यालय में 24 जून को नामांकन की प्रथम सूची प्रकाशित की जाएगी तथा 24 जून से 4 जुलाई तक नामांकन लिया जाएगा। रिक्त बचे सीट पर दूसरी एवं तीसरी सूची भी प्रकाशित की जाएगी। नामांकन के बाद 18 जुलाई से कक्षा प्रारंभ करवा दिया जायेगा। प्राचार्य डॉ चौधरी ने यह भी बताया कि नामांकन के समय विद्यार्थियों को एबीसी- आईडी नंबर जमा करना होगा। जो विद्यार्थी अभी तक अपना एबीसी आईडी नहीं बना पाए हैं, वे शीघ्र बनवा लें।

कदमा में अपराधी भोलू की दिनदहाड़े हत्या

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। कदमा बाजार स्थित देशी शराब की दुकान के पास अपराधी भोलू कुम्हार की दिनदहाड़े हत्या कर दी गयी। खबरों के मुताबिक भोलू का संबंध बीजेपी नेता गणेश महली से है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और घायल व्यक्ति को अस्पताल ले गयी है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भोलू के सिर में चापड़ से काई वार किया गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

चुटिया पंचायत में शंभू ने ट्रांसफार्मर लगवाया

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत में दो गांव टोले में झामुमो युवा नेता शंभू यादव ने ट्रांसफार्मर लगवा कर बिजली समस्या का समाधान कराने का काम किया है। शंभू यादव के पास ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर खराब होने और बिजली बाधित होने की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने सुनते ही झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर को अवगत कराया। तत्पश्चात बिजली विभाग विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने अविलंब शंभू यादव की मांग पर दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया और गांव रौशन हुआ, जिससे लोगों में खुशी व्याप्त है। और मंत्री मिथिलेश ठाकुर तथा शंभू यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नपं में नागरिकों को नहीं मिल रहा महंगी मशीनों का लाभ

कमीशनखोरी के आगे शहरवासियों की सुविधाओं का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया

नपं की ओर से लाखों रुपये की लागत से खरीदा गया सैपिटक टैंक वाहन लावारिस की तरह ब्लॉक कैंपस में फेंका गया है।

प्रशांत सहाय

श्री बंशीधर नगर। नपं में नागरिक सुविधाओं के लिए क्रय की गयी महंगी मशीनों का लाभ नागरिकों को नहीं मिल रहा है। सारी मशीनें खड़ी-खड़ी कबाड़ हो रही हैं। मशीनों का उपयोग नहीं होने से उनकी खरीद पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकार बताते हैं कि महंगे मशीनों का खरीद नागरिक सुविधाओं की आड़ में कमीशन वसूलने के लिये की गयी है।

नपं की ओर से शहर में लगी लाईट खरीद, जलमीनार अधिष्ठापन, वाहन और मशीन की खरीद सबमें जबर्दस्त कमीशन खोरी हुई है। कमीशनखोरी के आगे शहरवासियों की सुविधाओं का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया। कमीशनखोरी का आलम यह है कि नपं की ओर से लाखों रुपये की लागत से खरीदा गया सैप्टिक टैंक वाहन लावारिस की तरह ब्लॉक कैंपस में फेंका गया है। उक्त वाहन धूप, पानी और धूल फांककर खड़ा खड़ा कबाड़ा में तब्दील हो गया है। जबकि उक्त वाहन का एक दिन भी उपयोग नहीं किया गया है। यहां बताते चले की नगर पंचायत की ओर से शहरवासियों की सुविधा के लिये और शौचालय टंकी की सफाई के लिये पांच वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से दो सैप्टिक टैंक वाहनों को खरीदा गया था।

क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी

कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि शौचालय टंकी से निकले अपशिष्ट को डिस्पोज करने के लिये कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण शौचालय टंकी की सफाई नहीं हो पा रही है। जल्द ही प्लांट निर्माण के लिये टेंडर कर टंकी की सफाई शुरू किया जायेगा।

वाहनों के संचालन के लिये चालकों की नियुक्ति नहीं की गयी। नतीजा शहरवासियों को उसका लाभ आज तक नहीं मिल सका। शहरवासी आज भी अपने शौचालय टंकी की सफाई के लिये गढ़वा, डाल्टनगंज या अन्य श्रोतों से अधिक पैसे देकर टंकी की सफाई कराने को विवश है। जबकि दोनों वाहन ब्लॉक कैंपस में लावारिस की हालत में फेंका हुआ है उसे देखने वाला कोई माई बाप नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि नगर पंचायत प्रशासन की ओर से उक्त वाहनों का क्रय जनहित के बजाय कमीशन के लिये किया गया है।

पीएम मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वास कर रहा है : श्री चंद्रवंशी



गृहमंत्री अमित शाह और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह मझिआंव विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में देवघर के मधुपुर में मांगा वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गृहमंत्री अमित शाह और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह मझिआंव विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में देवघर के मधुपुर में विशाल जनसभा में शामिल होकर सभा को संबोधित किया। इस दौरान सभा में मौजूद लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इससे पहले मझिआंव विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने देवघर के मधुपुर सहित कई जगहों पर प्रचार-प्रसार भी किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वास कर रहा है। इसलिए इस बार भाजपा गठबंधन चार सौ पार करके रहेगी। इस क्रम में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने देवघर बाबा धाम मंदिर जाकर पूजा अर्चना की।

उन्होंने भोले बाबा का रुद्राभिषेक भी कराया। उन्होंने पलामू सहित पूरे झारखंड में अमन चैन और सुख शांति कायम रहने की दुआ मांगी। मौके पर विधायक नारायण दास, विनय चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, मनीष कुमार सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

झामुमो महिला मोर्चा प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी के पुत्र का निधन, शोक

निधन के पहले ईलाज कराती प्रियंका तिवारी और उपस्थित रेखा चौबे और अन्य।

रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी के पुत्र (लगभग 14 वर्ष) का निधन रविवार को हो गया। जिससे प्रियंका तिवारी ललित तिवारी और समस्त परिवार शोक में डूब गया है। प्रियंका तिवारी के पुत्र लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। इनका ईलाज भी चल रहा था। किंतु नहीं बच सके, क्योंकि नियति को कुछ और ही मंजूर था। इस खबर को सुनते ही झामुमो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, युवा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आफताब आलम, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, महिला प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी, किशोर कुमार ओझा, मुकेश तिवारी, संतोष चंद्रवंशी, अरविंद मिश्रा, मिरसाद अंसारी, योगेन्द्र यादव, विकास यादव सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

जातिसूचक गाली दी, केस के लिए आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव (गढ़वा)। मझिआंव थाना क्षेत्र के करमडीह गांव स्थित मुखदेव प्लस टू उच्च विद्यालय चौक पर शनिवार की देर रात्रि में एक युवक के साथ हिंसक मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इधर इस संबंध में घायल युवक करमडीह गांव निवासी कृष्णा पासवान के पुत्र नीरज कुमार पासवान ने गांव के ही 6 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि मनोज चौहान के पुत्र सोनू उर्फ धर्मेंद्र चौहान ने शनिवार की रात्रि करीब 9:00 बजे हाई स्कूल चौक स्थित किराने की दुकान में बुलाया। और बातचीत करने लगा। इसी बीच संतोष चौहान के दो पुत्र राहुल चौहान और रोहित चौहान, मनोज चौहान के दो पुत्र धर्मेंद्र चौहान और श्री राम चौहान तथा लक्ष्मी चौहान के पुत्र संतोष चौहान ने पीछे से आकर जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच उन लोगों ने मेरे ऊपर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिसमें मैं पूरी तरह से घायल हो गया। और इसी बीच इन लोगों ने मेरे गले से 10 ग्राम के सोने का चैन और 10,000 रुपया भी लूट लिया। इसके पूर्व नीरज कुमार पासवान के परिजनों ने नीरज को घायल अवस्था में देर रात्रि में रेफरल अस्पताल लाया। जहां उपस्थित चिकित्सक रवि प्रकाश के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। माथा और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोट सीटी स्कैन और एक्सरे कराने के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

श्री बंशीधर नगर में मेगा मार्ट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। श्री बंशीधर नगर शहर के भवनाथपुर मोड़ के निकट स्थित अनमोल कांप्लेक्स में रविवार को मेगा मार्ट का शुभारंभ किया गया। मार्ट का शुभारंभ विधायक भानू प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। उस मौके पर विधायक ने कहा कि मेगा मार्ट की शहर बहुत आवश्यकता थी। अब लोगों को एक छत के नीचे सभी आवश्यक समान मिलेंगे जो ग्राहकों के लिये अच्छा है।

मेगा मार्ट का खुलना शहरवासियों के लिये खुशी की बात है। मेगा मार्ट के प्रोपराईटर विश्वजीत देव और आदित्य देव ने बताया की शहर में मेगा मार्ट खोलने का मतलब ग्राहकों को एक ही जगह पर सभी सामग्री सस्ते दरों पर उपलब्ध कराना है। उनलोगों ने ग्राहकों से एक बार सेवा का मौका देने की अपील की। भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, कमलेश्वर पांडेय, गिरिजा गणेश प्रताप देव, विनय देव, धीरेंद्र प्रताप देव, अरविंद प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

विकास समिति का गठन हुआ

हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में रविवार को एक विशेष बैठक आहूत की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुरानी कमिटी को तोड़कर नयी कमिटी के गठन करना था। बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने नए कमिटी का गठन करते हुए कहा कि कमिटी के गठन का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर के विकास के साथ साथ परिसर में अन्य नये मंदिर निर्माण करना है। उपस्थित ग्रामीणों ने श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर विकास समिति का गठन किया, जिसमें सभी ने सर्वसहमति से अध्यक्ष समेश यादव, उपाध्यक्ष जितेंद्र चौबे, सचिव श्रवण पासवान, उप सचिव शिवनारायण यादव, कोषाध्यक्ष अरुण चौबे, उपकोषाध्यक्ष उमापति प्रसाद गुप्ता का चयन किया।

पांच दिवसीय किक बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर शुरू

आजाद सिपाह संवाददाता

गढ़वा। दिनांक 26 से 30 मई तक हनुमान नगर छठ घाट सहिजना में कराटे प्रशिक्षण केंद्र में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन की शुरूआत की गयी।

इस शिविर के उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि सुबोध वर्मा अधिवक्ता सह गढ़वा जिला कराटे संघ वरीय उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा सह गढ़वा जिला कराटे संघ अध्यक्ष और खेलकूद के विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता सह किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया ।

इस निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर को मुख्य रूप से संचालित कर रहे हैं। मुख्य कोच सह प्रशिक्षक मनोज संसाइ ने बताया कि इस शिविर में पहले दिन 30 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया, जिनमें सविता कुमारी, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव, ओम आनंद देव, कृष्णानंद देव, रूपा कुमारी, काजल तूफान ,श्रेया कुमारी, सुप्रिया कुमारी, समीर कुमार चौबे देवराज सिंह, साइन प्रवीण, अनमोल कुमार, अनन्या कुमारी, अदिति पांडे, अनुराज पांडे, नंदनी कुमारी, हर्ष कुमार, सक्षम कुमार सुरुचि कुमारी, अमर कुमार, राजकुमार, आरूषी कुमारी, स्नेहा कुमारी, अभिजीत चौबे, एंजेल सचिन किस्पोटा, अनन्या कुमारी, अराधना कुमारी, अक्षय कुमार, श्रुति कुमारी आदि शामिल रहे।

नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के लिए किया गया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। उच्च न्यायालय और झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश शरण सिंह के आदेशानुसार रविवार को मेराल लखेया मोड़ के पास प्रेरणा सह विकास धारा ऑगेर्नाइजेशन के तत्वावधान में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान संस्था के स्थानीय कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को नशीले पदार्थ का सेवन से दूर रहने और ड्रग्स के व्यापार व रोकथाम के लिए रोचक प्रस्तुति कर लोगों को जागरूक किया गया।

नाटक के माध्यम से महिला और पुरुष कलाकारों द्वारा नाटक के माध्यम से यह बताया गया कि जिसे एक बार नशा क्या आदत लग गया उसका पूरा घर परिवार बर्बाद हो जाता है। नशा से धन के साथ-साथ शारीरिक और पारिवारिक क्षति होती है, जिसका भरपाई संभव नहीं होता। विजयमल साहू के निर्देशन में आयोजित जागरूकता नुक्कड़ सभा में दिनेश ठाकुर, बालमुकुंद सिंह, नंदलाल बैगा, राजपति देवी, रानी देवी आदि कलाकारों ने लोगों को काफी प्रभावित किया। इस अवसर पर संस्था के संयोजक शांति किंडो, पीएलवी कृष्णानंद दुबे, मुरली श्याम तिवारी, रामईकबाल चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

कोण मंडरा गांव में पीने के पानी की समस्या की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद भी दूर नहीं हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत के धनीमंडरा और कैलान पंचायत के कोण मंडरा गांव में पानी की समस्या की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद, बीडीओ नंदजी राम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कैलान के कोनमंडरा के खोह टोला में ग्रामीणों से मिलकर पानी की समस्या से अवगत होते हुए। इसके बाद उन्होंने खराब पड़े चापाकल और जल मीनार को दुरुस्त कराने के लिए पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव को अविलंब दुरुस्त कराने को कहा था। परंतु 48 घंटे बीतने के बावजूद कोनमंडरा के ग्रामीण आधा किलोमीटर दूरी से शुद्ध पीने का पानी लाने को मजबूर है। एक भी चापाकल नहीं बना, जिसके कारण उक्त टोला के लोगों को चार बजे भोर से ही पानी के लिए जदोजोहद करना पड़ रहा है। ग्रामीण सोना देवी, जशोदा देवी, सरिता देवी, सुमन देवी, चांदनी देवी, शकुंतला देवी, उपेंद्र प्रजापति रामदेव प्रजापति, शामदेव प्रजापति, राहुल प्रजापति, अमरदेव उरांव, मथुरा प्रजापति, आशीष प्रजापति, हरिहर प्रजापति, ईश्वरी उरांव, नारायण उरांव, बूटा उरांव ने कहा कि खोह टोला में पानी की समस्या बहुत ही ज्यादा विकट है। ज्यादातर चापाकल पिछले कई महीनो से खराब है। कई बार जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों तक चापाकल ठीक कराने के लिए बोले, लेकिन आज तक दुरुस्त नहीं कराया जा सका। अधिकारी खानापूर्ति कर कर चले जाते हैं। दो दिन पूर्व खोह टोला में बीडीओ ने सभी चापाकल ठीक करने की बात कही, लेकिन आज तक एक भी चापाकल ठीक नहीं हुआ। हम सभी लोग सुबह से ही चापाकल के पास पीने के पानी के लिए लाइन में लग जाते हैं।

जबकि धनीमंडरा के मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे ने बताया कि पंडरिया पंचायत में हैंडपंप खराब की सूचना मिलते ही तुरंत बनवाया जा रहा है। कुछ हैंड पंप बोर के पानी का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण बंद पड़े है, जो बरसात में पानी का लेयर बढ़ते ही चालू हो जाते है। परंतु पंचायत के कई टोलो में पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है। जिसके कारण लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। नल जल के द्वारा घरों में पानी सप्लाई को लेकर संवेदक के लापरवाही के कारण पानी की समस्या उत्पन हो रही है, कई बार संवेदक को सूचित करने के बावजूद जल नल के लिए तीस चालीस जगहों पर डिप बोर तो कर दिया है, परंतु आज तक उसमे कनेक्शन नहीं किया जा रहा है, जिसकी शिकायत संबंधित विभाग के साथ उपायुक्त गढ़वा से करेंगे। बीडीओ नंदजी राम से पूछे जाने पर कहा कि खोह टोला में पानी कि समस्या है, जो भी चापाकल खराब है, उन्हें जल्दी बनवा दिया जायेगा।

वर्षों पुरानी पुलिया किसी बड़े दुर्घटना को कर रही आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। थाना मोड़ मुख्य पथ से भवनाथपुर थाना को जोड़ने वाली वर्षो पुरानी पुलिया किसी बड़े दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। उक्त पुलिया का निर्माण करीब 50 वर्ष पूर्व कराया गया था, जो अब जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गयी है। पुल के नीचे से दोनों पिलर टूट चुकी है, साथ ही उक्त पुलिया के उपर की ढलाई टूटने से एक बड़ा सा होल बन चूका है, जिससे रात के अंधेरे में दो पहिया वाहन भी बड़ी सावधानी से पार करना पड़ रहा है। पुलिया जर्जर होने से पुलिस वाहन को भी बड़ी सावधानी से पुल से गुजरना पड़ रहा है, अगर पुलिस प्रशासन द्वारा किसी अवैध कार्य में संलिप्त भारी वाहन को जब्त कर थाना लाया जाता है, तो उस वाहन को पुलिस द्वारा थाना परिसर के बजाये थाना मोड़ स्थित मुख्य पथ के किनारे ही खड़ा करना पड़ता है। पुलिया की जर्जर स्थित को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा होल के समीप बैरिकटिंग कर दिया गया है। मालुम हो कि थाना को जोड़ने वाली इस पुलिया का नवनिर्माण कराने हेतु स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा कुछ वर्ष पूर्व संबंधित विभाग से बात कर प्रयास किया गया था, परंतु किसी कारणवश निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।

दूसरे और तीसरे चरण का चुनाव समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की धड़कनें हुई तेज

राजनैतिक दलों के लोग बना रहे हैं अपना समीकरण, जीत का कर रहे दावा

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले तीन लोकसभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण मे हजारीबाग और चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के छह पंचायत के 33 बूथ और तीसरे चरण मे संपन्न हुए पिपरवार क्षेत्र के निकटवर्ती रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र के खलारी प्रखंड क्षेत्र के राय और बमने पंचायत के कुल 10 बूथों मे शांतिपूर्ण माहौल मे चुनाव संपन्न हो चुका है। चुनाव संपन्न होने के बाद उम्मीदवारों की धड़कने तेज हो गयी हैं। चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कुल 23 उम्मीदवार और हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 17 उम्मीदवार और रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कुल 27 उम्मीदवारों की किस्मत इवीएम मे कैद हो गयी है, जिनका भाग्य का फैसला 4 जून को होगा। चुनाव संपन्न होने के साथ ही सभी उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। वैसे तो हजारीबाग, चतरा और रांची लोकसभा क्षेत्र में सीधे तौर पर कांग्रेस और भाजपा में टक्कर होने की संभावना है, लेकिन इस बार के चुनाव मे जयराम महतो की पार्टी झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति बड़ा उलटफेर कर सकती है। रांची और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जयराम महतो ने अपना उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारा है, जो एनडीए व इंडिया गठबंधन के लिए खतरा बन सकता है। इस बार के चुनाव में शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में वोट प्रतिशत बढ़ा है। इधर चुनाव संपन्न होने के साथ ही राजनैतिक दलों के लोग बूथ स्तर पर अपना समीकरण बना कर जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा जहां 400 पार का नारा देते हुए अपनी जीत का दावा कर रही है तो कांग्रेस हाथ बदलेगा हालात के नारों के साथ अपनी जीत का दावा कर रही है। इस बीच स्थानीय व नियोजन नीति व जल, जंगल और जमीन का मुद्दा लेकर जयराम महतो भी कांग्रेस व भाजपा की परेशानी बढ़ा दी है। राजनीतिक पार्टियों का दावा कहां तक सत्य है, यह तो आने वाला 4 जून को ही पता चलेगा। फिलहाल राजनीतिक पार्टियां अपने अपने उम्मीदवारों की जीत का दावा ठोक रही हैं।

चौक-चौराहों पर खूब हो रही है चुनाव की चर्चा

पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाको में चुनाव संपन्न होने के साथ ही हार-जीत की चर्चा पूरे जोर-शोर से चल रही है। कोयलांचल क्षेत्र के चौक-चोराहा और बाजारों में हर तरफ लोकसभा चुनाव की चर्चा हो रही है। चुनाव से पूर्व अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में वोट कराने को लेकर जो कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक दी, वही कार्यकर्ता आज पूरी तरह से आश्वस्त होकर अपने उम्मीदवारों के जीत होने का राग अलाप रहे हैं। वही मतदाता भी इसमें पीछे नही हैं और वह भी अपने अपने पार्टियों के समर्थन में बात कर रहे हैं। इस बीच राजनीतिक दलों के अलावे मतदाताओं का भी 4 जून का बेसब्री से इंतजार है।

चार दुकानों में सेंधमारी से खूंटी में सनसनी, चार बाइक चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। चोरों के एक गिरोह ने खूंटी थाना से महज कुछ ही दूरी पर एक ही रात खूंटी मेन रोड की चार दुकानों में सेंधमारी कर क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। चोर साहू तालाब के सामने स्थित ए टू जेड नामक पुराने बाइक शोरूम का शटर उखाड़. कर शोरूम से चार महंगे केटीएम बाइक चुरा ले गए। साथ ही नेताजी चौक स्थित अनूप स्वीट्स से नगद लगभग सात हजार रुपये सहित कोल्ड ड्रिंक्स की कुछ बोतलें भी योर अपने साथ लेते गए। चोरों ने अनूप स्वीट्स हाउस के बगल में स्थित शहर की सबसे प्रमुख ज्वेलरी दुकान कस्तूरी ज्वैलर्स और उससे सटे जतन ज्वेलर्स नामक दुकानों में भी सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन इसमें वे सफल नहीं हुए। शनिवार देर रात हुई इन घटनाओं की जानकारी रविवार सुबह दुकानदारों को तब हुई, जब वे दुकान खोलने आए थे। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल में जुट गयी।

भागने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गयी बाइक

जानकारी के अनुसार सबसे पहले चोरों ने ए टू जेड नामक पुराने बाइक शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यहां पर चोर शोरूम के शटर को उखाड़. कर शोरूम में प्रवेश किए और शोरूम में बिक्री के लिए रखी चार महंगी केटीएम बाइक को निकाल कर चलते बने। शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में शोरूम से बाइक निकालते चोरों की तस्वीर कैद हो गई है। देर रात लगभग डेढ़ बजे हुई चोरी की इस घटना के दौरान शोरूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चोरी और सेंधमारी की इन घटनाओं को अंजाम देने के बाद चोरों का यह गिरोह कर्रा रोड होते हुए अन्यत्र फरार हो गया। बताया गया कि बाइक चोरी कर भागने के दौरान एक बाइक कर्रा रोड में रेवा गांव के समीप सड़क किनारे लगे पीलर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों की नींद खुल गयी और जब लोग घरों से बाहर आने लगे, तो दुर्घटनाग्रस्त बाइक को वहीं छोड़कर चोर से फरार हो गये। चोरों द्वारा मौके पर छोड़े गये उक्त बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। बताया गया कि तड़के लगभग तीन बजे हुई इस दुर्घटना में बाइक चला रहा एक चोर गंभीर रूप से घायल भी हुआ है, जिसे उसके साथी अपने साथ बाइक में बैठाकर किसी अस्पताल में ले गये। बहरहाल एक ही रात शहर की चार दुकानों में सेंधमारी की घटना को अंजाम देकर चोरों के इस गिरोह ने एक ओर जहां पुलिस के समक्ष गंभीर चुनौती पेश की है, वहीं दूसरी ओर दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया है। इस बीच खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने भी बाइक शोरूम में पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है, जल्द ही घटना में शामिल चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया जायेगा।

सरना धर्म का मूल उद्देश्य मानव कल्याण है : धर्मगुरु मधु बारला

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा के खजूरदाग मनमनी गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का 11वां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंदुआ मुंडा, जयपाल मुंडा और टेपइ कच्छप की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर धर्मगुरु मधु बारला मुंडा ने कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है, साथ ही समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसी बुराइयां दूर होती हैं और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। इसके लिए हमें सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए।

मानव कल्याण सरना धर्म का मूल उद्देश्य है। इनके अलावा मसीह गुड़िया, सीताराम मुंडा, मथुरा कंडीर, सुषमा मुंडा, लुथडू मुंडा, बिरसा तोपनो, सुभासिनी पूर्ति, किरण भेंगरा, जीतू पाहन, भाजू मुंडा, रतिया मुंडा आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में तोरपा, तपकरा, कमडारा, खूंटी, मुरहू, बंदगांव, गुमला, रांची आदि क्षेत्रों से सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

फुटबॉल लीग मैच में एफसी तमाड़ की शानदार जीत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग का मैच अमलेशा मैदान में खेला गया। रविवार को एफसी हेमरोम और एफ सी तमाड़ के बीच खेला गया। यह मैच एफ सी तमाड़ ने 3-0 से जीत लिया। इस मैच मे रामेश्वर सिंह मुंडा ने दो गोल 22वे 56वे मिनट और शत्रुघ्न मुंडा ने एक गोल 39वे मिनट में किया। मैच के दौरान रेव नेल्सन कंडुलना हीरा दास, हरीश मुंडा, निशांत भेंगरा, लखीनरायण मुंडा, करम मुंडा गुप्तेश्वर मुंडा, प्रेमचंद पूर्ति, शिवराम मुंडा, खुदिया मुंडा फागू मुंडा, जीविका, प्रभा, संगीता, जॉन, सरिता, प्रमिला, चांदनी, लक्ष्मी, राधिका, मोनिका, राजेश, उपस्थित थे। सोमवार को एफसी कुंदला और एफसी पुण्डिदिरी के बीच खेला जायेगा।

ड्यूटी से नदारत रहते हैं रेफरल अस्पताल के डॉक्टर सिविल सर्जन ने काटा पांच चिकित्सकों का वेतन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। वैसे तो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है, लेकिन विभिन्न सरकारी अस्पतालों में पदस्थापित चिक्त्सिक ही सरकार की योजना को पलिता लगाने में लग गये हैं। इसका खमियाजा गांव के गरीब लोगों को भुगतना पडता है। सरकारी डॉक्टरों की लापरवाही की बानगी रविवार को तोरपा के रेफरल अस्पताल में देखने को मिली, जहां अस्पताल के सभी डॉक्टर नदारत थे। बता दें कि इस अस्पताल में चार महिला डॉक्टर सहित कुल दस चिकित्सक पदास्थापित हैं, लेकिन समय पर एक भी डॉक्टर का दर्शन नहीं होता। रविवार को सुबह लगभग दस बजे निचुतपुर गांव निवासी सुनील टोपनो नामक एक मरीज अस्पताल में पहुंचा। गड्ढे में गिर जाने से उसका एक पैर टूट गया था। उसके स्वजन उसे लेकर रेफरल अस्पताल तोरपा पहुंचे, पर वहां कोई डॉक्टर नहीं था। कुछ ही देर में तीन-चार रोगी और अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर का इंतजार करते रहे। बताया जाता है कि शनिवार की रात डॉक्टर अनिकेत की ड्यूटी थी। सुबह दस बजे से पहले ही डॉ अनिकेत रांची निकल गये। सुबह से डॉ दीप्ति नूतन टोपनो की ड्यूटी थी, लेकिन डॉ दीप्ति अस्पताल आई ही नहीं। बाद में इसकी सूचना खूंटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी को दी गयी। जानकारी मिलते ही सिविल सर्जन रेफरल अस्पताल पहुंचे और मरीजों का इलाज किया।

सिविल सर्जन ने किया शोकोज : इमरजेंसी ड्यूटी से गायब रहने वाले रेफरल अस्पाल के पाच चिकित्सकों का वेतन सिविल सर्जन ने काट दिया। अनुपस्थित पाये गये जिन चिकित्सकों का वेतन काटा गया है, उनमें डॉ दीप्ति नूतन टोपनो, डॉ चयन सिन्हा, डॉ अपूर्वा घोष और डॉ अंकिता और डॉ अभय मरांडी शामिल हैं।

मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम : संजीव

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने विक्षिप्तों के लिए उपलब्ध कराया शुद्ध पेयजल

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा मे दर-दर भटक रहे विक्षिप्त असहायो के लिए शुध्द पेयजल की व्यवस्था कर एक बार फिर से मानव सेवा की मिशाल पेश की है। उन्होंने अपने खर्च पर बचरा मे भटक रहे विक्षिप्त व मानसिक रोग से ग्रसित असहाय के लिए बचरा थाना चौक स्थित लायंस क्लब यात्री शेड मे मिट्टी का घडा मे शुध्द पेयजल की व्यवस्था की है। भीषण भरी गर्मी मे पानी के लिए इधर उधर भटकने वाले असहाय विक्षिप्त को इसका लाभ मिलेगा। इस संबंध में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि हर युग में मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है। मानव सेवा हीं सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब के नजदीक में दो विक्षित के साथ साथ राहगीर बेबस लोगों को पीने का पानी की व्यवस्था नहीं थी। जहां पर उन्होंने घड़ा और ठंडे पानी की व्यवस्था कराया। अब यहां पर बेबस लाचार व्यक्ति व विक्षिप्त को पीने के लिए हमेशा ठंडा और शीतल पानी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि मानव सेवा के लिए इस तरह का सहयोग कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा, साथ ही उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगो से भी इस तरह का सहयोग कार्य करने की अपील की है। चुनावी सरगर्मी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर लाचार गरीब लोगों की मदद करने वाले भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा हो रही है। इस मौके पर भाजपा पिपरवार अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, संजय कुमार भोगता, अर्णव मिश्रा, देव नारायण, संतोष उपाध्याय, रुद्र भोगता, चंद्रिका लवकुश मौजुद थे।

राजकुमार गुप्ता बने रौनियार वैश्य समिति के खूंटी जिलाध्यक्ष

खूंटी (आजाद सिपाही)। रौनियार वैश्य की खूंटी जिला समिति की रविवार को रौनियार भवन मुरहू में हुई बैठक में खूंटी जिला रौनियार समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति में सर्वसम्मति अर्जुन साहू को संयोजक बनाया गया, जबकि राज कुमार गुप्ता को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अशोक कुमार गुप्ता मुरहू को सचिव, अशोक गुप्ता खूंटी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रामा साहू, राजेश गुप्ता लोधमा और छोटू गुप्ता कर्रा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश संयोजक के भीम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मुरहू में समाज के वैसे लड़के-लड़कियां जिनकी शादी पैसे का अभाव में नहीं हो रही है, वैसे लोगों की शादी का सारा खर्च उनके द्वारा उठाया जायेगा। समाज द्वारा संकल्प लिया गया कि यथाशीघ्र समाज के सभी लोगों की पारिवारिक सूची बनाकर सभी तरह का सहयोग किया जायेगा, ताकि समाज का कल्याण हो सके और सभी की पढ़ाई-लिखाई, शादी विवाह समय पर और सही परिवार में हो सके। मुरहू में समाज का अपना भवन है जिसने समाज के सारे कार्य होते है। बैठक में अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद गुप्ता कोषाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव दिलीप प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, अम्बिका साहू, पवन गुप्ता, सहित काफी संख्या में समाज कें लोग मौजूद थे।

विहिप सह बजरंग दल की बैठक में नशे की लत में फंस रहे युवाओं पर चिंता जतायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। विश्व हिंदु परिषद सह बजरंग दल खलारी की बैठक रविवार को प्रताप यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन विस्तार और अन्य विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी। वहीं कहा गया कि क्षेत्र में युवा पीढ़ी काफी तेजी से नशे की लत की ओर बढ़ रहे हैं। जिसकी रोकथाम कैसे हो हमारा युवा पीढ़ी नशे की दलदल में जाने से कैसे बचे इस पर बहुत ही गंभीर रूप से युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है, क्योंकि हमारे युवा ही राष्ट्र के भविष्य हैं। यही युवा धर्म और राष्ट्र की रक्षा भी करेंगे तो युवाओं को गलत राह में जाने से रोकना अति आवश्यक है। साथ ही बैठक में बताया गया कि अगली बैठक जल्द ही रखी जायेगी। जिसकी सुचना संगठन के सभी संचालित ग्रुपों में दे दी जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय प्रमुख पशुपतिनाथ जी, रांची जिला ग्रामीण सेवा प्रमुख अनिल यादव जी, बजरंग दल खलारी सामाजिक समरसता प्रमुख संजीत सिंह जी, पूर्व सह मंत्री कमल शर्मा जी मुकेश यदुवंशी जी एवं प्रताप यादव जी शशि तुरी जी, पंकज सिंह जी, अमर जी उपस्थित थे।

डकरा में अखिल विश्वकर्मा समाज समन्वय समिति ने भगवान विश्वकर्मा मंदिर निर्माण कार्य शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। अखिल विश्वकर्मा समाज समन्वय समिति कोयलांचल डकरा के द्वारा सुभाशनगर षिवमंदिर के बगल में सृष्टि रचियता भगवान विश्वकर्मा जी के भव्य मंदिर निर्माण कार्य षुभारंभ किया गया है। समिति के द्वारा जानकारी दी गयी कि पुरे खलारी कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा जी का एक भी मंदिर नही है। जिसे देखते हुए समिति के द्वारा डकरा में मंदिर का निर्माण कार्य षुरू करवाया गया है। मंदिर के निर्माण षुरू होने से लोगों उमंग और उत्साह है। वहीं समिति ने जल्द से जल्द मंदिर निर्माण कार्य को पुरा करने का लक्ष्य रखा है। समिति के द्वारा क्षेत्र के लोगों से मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग करने का आग्रह किया है ताकि विष्व रचियता भगवान विष्वकर्मा जी के मंदिर का निर्माण कार्य को समय से पुरा कर लिया जाए। इस मौके पर आर.जे. शर्मा, बसंत विश्वकर्मा, मिथलेश शर्मा, मथुरा मिस्त्री, अजय विश्वकर्मा, संतोष राणा, बिनोद विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, प्रिंस विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, राज शर्मा, ललन शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कोयलांचल के बटुका खपिया में एक जून को होगा मंडा पूजा सह मेला का आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकट बुंडू पंचायत स्थित बटुका खपिया में आगामी एक जुन को मंडा पूजा सह मेला का आयोजन किया जायेगा। बैठक मे सर्वसम्मति से एक जुन की संध्या लोटन सेवा, रात्री मे फुलखुंदी तथा नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। जिसमें उर्मिला महतो एंड ग्रुप, नितेश कच्छप, सुमन गुप्ता, सुहाना देवी,नारायण नायक के द्वारा कार्यक्रम पेश किया जायेगा। वही दो जुन की सुबह झूलन के साथ मंडा पूजा का समापन किया जायेगा। मंडा पूजा सह मेला के सफल आयोजन को लेकर रविवार बटुका व खपिया दोनो मौजा के ग्रामीणों की संयुक्त बैठक हुई, जिसमे मंडा पूजा के तैयारी की समीक्षा की गयी और इसके सफल आयोजन को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमे उदयनाथ महतो को अध्यक्ष, राजेंद्र महतो उपाध्यक्ष,कुलदीप महतो सचिव, मुकुंद महतो व धनंजय महतो उप सचिव, कृष्ण कुमार महतो कोषाध्यक्ष, बलराम महतो को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही महेश महतो, मोहन कुमार, बैजनाथ महतो, श्रवण शर्मा, कौलेश्वर महतो, मुकेश चौधरी, तारकेश्वर महतो, अशोक महतो, फुलदेव महतो को संरक्षक बनाया गया है। समिति मे सुलेंद्र महतो, गणेश महतो, धनेश्वर महतो, भरत महतो, कामेश्वर महतो, जयनंदन महतो, महादेव तूरी, महेंद्र महतो, बबलू शर्मा, रिंकू कुमार, संतोष पटेल, नंदकिशोर महतो,चत्रभूज शर्मा,टिकेश्वर महतो, प्रमोद कुमार, संतोष महतो, विजय कुमार पटेल, नारायण रविदास, अजय भुइंया, राधे करमाली, मुनेश्वर महतो, उमेश महतो, रामचंद्र महतो,नारायण प्रसाद, केसर महतो, पवन कुमार, हीरालाल महतो, हिरामन महतो, भीम शर्मा, मुकेश कुमार, अर्जुन महतो, बालेश्वर महतो सहित अन्य लोगो को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बैठक मे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

केडीएच परियोजना के जामुनदोहर पैच में सीसीएल कर्मियों के साथ मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। सीसीएल एनके एरिया की केडीएच परियोजना खदान में शनिवार की रात लगभग 11:30 बजे डयूटी में लगे तीन कर्मियों के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की। मारपीट में तीन कामगार अरुण गंझू, धनेश्वर गंझू तथा शशि उरांव घायल हो गये। घटना के विरोध में मजदूरो ने काम बंद रखा। मिली जानकारी के अनुसार रात में जामुन दोहर बस्ती के कुछ लोग रात्रि में खदान का काम बन्द कराने आये थे। इस दौरान डयूटी में मौजूद कामगार अरुण गंझू, धनेश्वर गंझू और शशि उरांव के साथ मारपीट करने लगे। जिसके बाद मौके पर मौजूद अन्य कामगार साथियों ने बीच बचाव किया। उसके बाद तीनों कामगारो को डकरा सेंट्रल अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां तीनो का इलाज किया गया। तीनो कामगारो को इलाज के बाद घर भेज दिया गया था। वही मारपीट की घटना में कामगार शशि उरांव का एक हाथ फ्रैक्चर कर गया है। घटना के बाद सुबह सभी केडीएच पीट कार्यालय में केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह की उपस्थिति में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों और मजदूरों के बीच बैठक हुई। जिसमें कर्मियों के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कामगारो की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्यस्थल पर सीआईएसएफ बल की तैनाती और कामगारो के लिए काम के दौरान सुरक्षा का माहौल हो इस पर ध्यान देने की बात कही गयी। वहीं आगे से इस तरह की घटना की पुर्नावती नही होने का आष्वासन भी दिया। साथ ही सिंह ने बताया कि कर्मियों की सुरक्षा को लेकर सीआइएसएफ सुरक्षा बलों की पेट्रोलिंग को बढ़ा दिया गया है।

उन्होने बताया कि वार्ता के बाद सुबह में सामान्य दिनों की तरह कार्य चालु हो गया था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 मई, 2024
www.azadsipahi.in

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव का किया समर्थन

गोड्डा (आजाद सिपाही)। इंडिया गठबंधन ने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रमुख मांग जातीय जनगणना करने, ओबीसी के जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी देने, आउटसोर्सिंग, अनुबंध जैसे नौकरियों को सरकारीकरण करने, अग्नि वीर योजना हटाने, निजीकरण पर रोक लगाने आदि प्रमुख मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। इससे देश में ओबीसी कम्युनिटी को हक अधिकार मिलने का विकस का मार्ग प्रशस्त होगा। इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन करता है और समुदाय से उनके पक्ष में भारी मतदान करने की अपील करता है। उपरोक्त बातें आज गोड्डा शहर के गुनिया प्राईड होटल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के एनडीए गठबंधन पार्टियों के 10 साल के कार्य एवं घोषणा पत्र का अवलोकन किया गया, जिसमें इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, झामुमो, राजद, भाकपा माले ने ओबीसी मोर्चा के मांगों को अपने घोषणा पत्र में रखा है। इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा राज्य के तमाम ओबीसी बंधुओं से अपील करता है कि उपरोक्त विश्लेषण के पश्चात इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव जी को हाथ के पंजा छाप पर अपना कीमती वोट दे कर विजयी बनावे। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के अलावे प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, गोड्डा जिला अध्यक्ष राजकुमार भगत, प्रदेश सचिव राम लखन यादव, गिरिजा भूषण ठाकुर, अरुण साह, प्रदीप विद्यार्थी,केदार नाथ साह, संजीव गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, परगामा प्रमुख अवधेश शाह प्रमुख, राजकपूर महतो,कार्तिक सोनी, वासुदेव पंडित उपस्थित थे।

रातू के सरयू नगर में चली अंधाधुंध गोली, बच्चा घायल

- घटना में पड़ोसी अखिलेश शर्मा की 9 वर्षीय पुत्र अर्पण कुमार घायल हो गया।
- आरोपी फरार, घर से मिले 15 लाख रुपये
- घटना स्थल से 6 खोखा भी बरामद
- पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी विजय सिंह की तलाश कर रही है।

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के काठीटांड सरयू नगर में अंधाधुंध गोली चली। घटना शनिवार रात 11 बजे की बतायी जा रही है। घटना को अंजाम देने का आरोप पड़ोसी विजय सिंह पर लगा है।

घटना में पड़ोसी अखिलेश शर्मा की 9 वर्षीय पुत्र अर्पण कुमार घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर जब आस पास के लोग दौड़े तो आरोपी विजय सिंह फरार हो गया। घायल अर्पण का इलाज रिम्स में चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक वह खतरे से बाहर है।

घटना की सूचना मिलते ही रातू थाना प्रभारी शशि भूषण चौधरी घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने वहां से 6 खोखा बरामद किया। पुलिस जब आरोपी की खोज में घर की तलाशी ली तो घर से 15 लाख रुपया मिला। पुलिस रुपये जब्त कर थाना ले आयी है। मामले को लेकर पड़ोसी अखिलेश वर्मा व सुभाष प्रजापति ने विजय सिंह पर रातू थाने में दो अलग- अलग मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के मुताबिक विजय सिंह का अपने पड़ोसी सुभाष प्रजापति से घर तक आने के लिए रास्ते का विवाद चल रहा था। शनिवार की सुबह 9 बजे विजय सिंह ने अखिलेश की पत्नी देवंती और 16 वर्षीय पुत्र आयुष प्रजापति के ऊपर रॉड से हमला कर दिया। जिससे माँ और पुत्र बुरी तरह से घायल हो गये। दोनों का इलाज रातु सीएचसी में चल रहा है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी विजय सिंह की तलाश कर रही है। बरामद 15 लाख रुपया आयकर विभाग को भेजा जायेगा।

सड़क हादसे में हेसल नयाटोली निवासी सुधु मुंडा का हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। थाना क्षेत्र के हेसल टोल प्लाजा के निकट रविवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हेसल नयाटोली निवासी 65 वर्षीय सुधु मुंडा की मौत रिम्स ले जाने के क्रम में हो गई। बताया गया कि मृतक सुधू मुंडा साइकिल पर सवार होकर गोंदलीपोखर साप्ताहिक हाट जा रहा था। इसी दौरान टोल प्लाजा के निकट सामने से तेज गति से आ रही एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में सुधू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे समाजसेवी सखीचंद महतो उसे ईलाज के लिए तुरंत सीएचसी अनगड़ा ले गये, जहां चिकित्सकों

ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में हीं उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

डॉ चंद्रमा का जन्मोत्सव एक्यूप्रेशर दिवस के रूप में मना

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। डॉ चंद्रमा प्रसाद गुप्ता का जन्मदिन रविवार को एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे में एक्यूप्रेशर दिवस के रुप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एक्यूप्रेशर परिषद के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने की। मुख्य अतिथि के रुप में रांची रेडियो स्टेशन के गायक तन पाठक मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने एक्यूप्रेशर को सभी वर्गो के लिए उपयोगी बताया। डॉ मधुसूदन पांडे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 26 मई को डॉ चंद्रमा प्रसाद गुप्ता का जन्मदिन एक्यूप्रेशर दिवस के रुप में मनाया जाता है। कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों के लिए निशुल्क तीन दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा व्यवस्था झारखंड प्रदेश के एक्यूप्रेशर चिकित्सा की व्यवस्था झारखंड प्रदेश के सभी एक्यूप्रेशर कार्यालय में किया जायेगा। आज एक्यूप्रेशर पद्धति को घर-घर पहुंचाने की जरुरत है। मंच संचालन मधुसूदन पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन लीलावती कुमारी ने किया। इस मौके पर डॉ बलराम महतो, डॉ महेश प्रजापति, डॉ नरेश महतो, डॉ ललिता कुमारी, डॉ संदीप पांडे, सरोज मिश्रा, जगरनाथ माली आदि मौजूद थे।

प्रखंडस्तरीय योगा और क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी रांची के तत्वावधान में रविवार को गेतलसूद फार्म और विवेकानंद सेवा संघ सामुदायिक भवन मूनगाडीह में प्रखंड स्तरीय क्विज, एकल आसन, समूह सूर्य नमस्कार, योग पिरामिड आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी सुखमयानंद महाराज जी के शांति मंत्र और मेडिटेशन के साथ किया गया। प्रतियोगिता में अखंडानंद शिक्षा और संस्कार केंद्र, गदाधर अभ्युदय प्रकल्प और विवेकानंद अभ्युदय प्रकल्प के कुल 18 टीमों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में 140 और एकल आसन में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागी आश्रम स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जज के रूप में दिव्यायन से आए रानी रंजनी, अक्षय, शेजल, रितेश, शादाब व रूपा थी। उन्होंने बच्चों को योग से होने वाले शारीरिक बदलाव को बताया तथा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने के टिप्स बतायें। कार्यक्रम में योग गुरु प्रीतम बनिक, जितेंद्र कुमार महतो, राजेश कुमार महतो, सोनी कुमारी, अनंत चौधरी, सुलदीप महतो, बसंत मुंडा आदि उपस्थित थे।

कलशयात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। अनगड़ा के रामदगा ग्राम स्थित श्री श्री बजरंगबली मंदिर निर्माण के दूसरे वार्षिक महोत्सव का दो दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।

रामदगा स्थित श्री बजरंगबली मंदिर निर्माण का दो वर्ष पूरा होने पर ग्रामीणों द्वारा महायज्ञ सह अखंड महाकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में गेतलसुद स्थित स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल भर कर सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। मौके पर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, कामेश्वर महतो, बिगेसर महतो, शंकर बैठा, मुकेश महतो, निरंजन महतो, सोनू बेदिया, भूनेसर महतो, बिपिन मुंडा, जितेंद्र मुंडा, अनुज गोस्वामी पुजारी राजेंद्र गोस्वामी सहित 301 महिलाओं ने कलश में जल भर कर मंदिर प्रांगण पहुंचे।

ग्राम जल और स्वच्छता समिति का किया गया गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। सिरका पंचायत के मसनिया गांव में रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जलसहिया ललिता देवी ने किया। ग्राम सभा में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया। सर्व सहमति से अध्यक्ष ग्राम प्रधान शिवा मुंडा, सचिव प्रतिमा देवी एवं कोषाध्यक्ष ललिता देवी बनाए गए। ग्रामसभा का नेतृत्व पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो मुगीश आलम ने किया। उन्होंने मौके पर समिति के क्रियाकलाप, भुमिका एवं दायित्व को विस्तार से बताया। कहा कि समिति को सशक्त बनाकर ग्राम स्तर पर आप पानी से संबंधित छोटी छोटी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इस अवसर पर जल सहिया ललिता देवी ने समिति के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा उन्हें दी गई जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। ग्रामसभा में मसनिया गांव के सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

तिलकसुती में भोक्ताओं ने श्रद्धालुओं पर बिखेरे लोक कल्याण के फूल

आजाद सिपाही संवाददाता

इटकी। इटकी क्षेत्र के लकसुती गांव में ऐतिहासिक मंडा पूजा के अंतिम दिन रविवार को मंडा स्थल पर श्रदालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोक्ताओं ने उमड़ी भीड़ पर लोक आसीश के फुल बिखेरे। झुलन दर्शन और फूल पाने के ललक से सैकड़ों श्रदालु खीचें चले आये। करीब पांच बजे पट भोक्ता दिनेश उरांव ने लकड़ी के झुले पर बंध कर दशार्नार्थियों के भीड पर लोक कल्याण के फूल बिखरने का शुरूआत की। इसके बाद दर्जनों भोक्ताओं ने बारी बारी से झुलन कार्यक्रम को पूरा किया। इसके पूर्व शनिवार की रात भोक्ता और महिला सोकताईनों अग्नि परीक्षा स्वरूप फुल कुंदी रश्म को पूरा किया। रात में रात्रि जागरण के लिए नागपुरी कलाकारों ने रंगारग गीत संगीत का प्रस्तुति देकर लोगों को रात भर झुमाते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुंदर दास, पहान चारो मुंडा, राजा गोप, सोनू दास, अजय महली, अनील कच्छप सहित अन्य लोगों अहम भूमिका रही।

तिलकसुती गांव के मंडा पूजा में दशार्नार्थियों के भीड़ पर लोक कल्याण के फूल बिखरते भोक्ता ।

इधर मोरो गांव में भी शनिवार को मंडा झुलन सह जेठ जतरा का आयोजन किया गया। यहां दर्जणों भोक्ताओं ने मंडा झुलन का कार्यक्रम किया। मेला जतरा में लोयो, मोरो, बोड़ेया, नारी सहित कई गांव के लोगों ने भाग लिया। जतरा मेला में लोगों ने आवश्यक्ता अनुसार जमकर खरीदारी की।

बारिडीह में 12 और 21 पाड़हा संचालन समिति की संयुक्त बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के बारिडीह गांव स्थित अखाड़ा में रविवार को 12 और 21 पाड़हा संचालन समिति की संयुक्त बैठक किया गया। बैठक में बारिडीह बगीचा में तीन जून को लगने वाली 35वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के सफल आयोजन के लिए विचार विर्मश की गयी। वहीं 12 और 21 पाड़हा के सभी गांव के खोड़ा दलों को बुलाकर पाड़हा जतरा का आयोजन किया जायेगा।

बैठक में सर्व सम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि बारीडीह में पाड़हा जतरा का आयोजन केवल दिन में ही रहेगा। जो सुबह 10:00 बजे से शाम तक ही लगेगा। 12 और 21 पड़हा के महतो पाहन, पुजार कोटवार, पाईनभरा और समस्त पाड़हा प्रेमियों ने उक्त निर्णय लिया। इस

बैठक में 12 पाड़हा के राजा विशाल उरांव, 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर, पाड़हा दीवान बिरवा खेस, सचिव चरवा उरांव, ग्राम प्रधान विनोद उरांव, मोहन उरांव, जगन्नाथ उरांव, बंदे उरांव, एतवा उरांव, तेंबू उरांव,सुका उरांव, मंगू उरांव सोमरा उरांव, महेंद्र लोहरा, खुशी उरांव, बंधन भगत, लीला मुंडा, धापा उरांव, धनेश्वर उरांव, महादेव उरांव, महावीर उरांव, पंचम उरांव, दिलीप उरांव, पाड़हा के विभिन्न गांव के महतो, पाहान, पुजार कोटवार, पाईनभरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

जंगल की जड़ी-बूटी और मोटे अनाज कई बीमारियों से बचाते हैं : प्रमुख कंचन

- लापुंग के दाड़ी पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आदिवासी पारंपरिक मेला का आयोजन किया गया।
- जंगल की जड़ी बूटी और मोटे अनाज के सेवन से लंबी उम्र तक लोग स्वस्थ रहते है : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। दाड़ी पंचायत सचिवालय प्रांगण में आदिवासी पारंपरिक मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव और प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज के द्वारा जड़ी बूटी और मोटे अनाज का स्टॉल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि हमारे आदिवासी मूलवासी जंगलों जड़ी बूटी का सेवन कर और मोटे अनाज का उपयोग कर स्वस्थ व अधिक आयु तक लोग स्वस्थ रहने की बात कहा। बीडीओ ऊषा मिंज ने प्रकृति कि गोड़ में रचा बसा झारखंड की जनता कड़ी मेहनत कर जंगल की जड़ी बूटी और पारंपरिक मोटा अनाज मडुआ गोंदली को आहार का मुख्य हिस्सा था, जो अनाज आज विलुप्त प्राय हो रहे है इनके सेवन से लंबी उम्र तक लोग स्वस्थ रहते थे। आज इतनी सुविधाओं के बावजूद भी लोगो में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से परेशान रहते हैं। ग्राम सभा दाढ़ी और कर्रा सोसाइटी फॉर रूरल एक्शन रांची के संयुक्त तत्वाधान में दाड़ी गांव में आदिवासी पारंपरिक मेला का आयोजन किया गया। इस मेले मे दूर दराज के गांव से सैकड़ों महिला और पुरुष ने भाग लिया और गांव के लोगो ने इस पारंपरिक कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मेले में पारंपरिक आदिवासी खान पान, चावल, दाल, बड़ी, हस्तकला, अनाज रखने का पुआल का मोरा का अपने हाथ से निर्मित प्रदर्शन किया और आस पास के जंगल में मिलने वाले जड़ी बूटी, फल और सब्जी का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के अलावे दाड़ी पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज, देवगांव मुखिया दुर्गा उराव को कर्रा सोसाइटी की टीम द्वारा सम्मानित किया गया। पारंपरिक खान पान के बारे में आये हुए लोगों को जागरूक किया।

हूटार में तीन महीने से बन रही दो जलमीनार अब भी अधूरी

- आखिर ऐसी क्या है मजबूरी
- जल जीवन मिशन में ठेकेदारों की मनमानी
- गुणवत्ता के अनुसार नहीं बन रही पानी टंकी
- ठेकेदारों द्वारा बरती जा रही है अनियमितता
- साइट पर जांच करने नहीं जाते अफसर

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल देने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रखंड के सत्रह ग्राम पंचायत के गांवों टंकी, बोरिंग और पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लेकिन पेयजल आपूर्ति विभाग व संवेदक की लापरवाही से यह पूरा नहीं हो सका। प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत

हूटार गांव में अधूरी पड़ी जलमीनार।

के हूटार गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दो जलमीनार पिछले तीन महीने से अधिक समय से जलमीनार का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब तीन माह पूर्व कुछ मजदूर व मिस्त्री द्वारा आकर यहां गड्ढा खोदकर नीचे का प्लेटफार्म तैयार किया गया था। लगभग दस फिट दीवार खड़ा करने का काम किया गया। उसके बाद से अभी दो माह से अधिक समय बीतने के बावजूद भी किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां पानी के लिए गांव के लोग तरस रहे हैं। अर्ध निद्रमत जल मीनार लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। ज्ञात हो कि प्रखंड के कई गांवों में नल जल योजना से जुड़े संवेदकों की लापरवाही व जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा से हर घर नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण किसी भी वार्ड के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल का सपना अभी तक अधूरा ही है।वही चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जबकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना लूट व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस योजना के आधे अधूरे कार्य की वजह से ये योजना धरातल पर नजर नही आती है। इस योजना में जिस तरह से अनियमितता बरती गई है,उसकी जांच होनी चाहिए। इधर हूटार गांव के वही ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है ना तो ठीक से मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है और ना ही बन रहे दीवार व पीलर में पानी दिया जा रहा है। जिससे टंकी की दीवार व पिलर मजबूत नहीं बनेगी। खराब निर्माण कार्य से लोगों में काफी आक्रोश है। कहा जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों के उदासीनता रवैये के कारण न सिर्फ ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं, बल्कि योजना के काम की खानापूर्ति करके ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने पर ध्यान दे रहे हैं। एक तो काफी रद्दी एवं घटिया किस्म से दोनों जल मीनार का निर्माण कराया जा रहा है, उसमें भी इतना विलंब हो रहा है। ग्रामीणों ने से गुहार लगाते उचित कार्रवाई करते हुए अविलंब जल मीनार निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 मई, 2024
www.azadsipahi.in
10

केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना है: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

जामताड़ा। दुमका लोकसभा क्षेत्र के जामताड़ा अंतर्गत नारायणपुर प्रखंड के मालवा में रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी नलीन सोरेन के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पांच वर्षों के बाद नेतृत्व बदलने का मौका मिलता है। वह समय इस बार एक जून को है। इस बार केंद्र की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है। वर्ष 2014 में

केंद्र में मोदी सरकार जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आयी। 10 वर्षों के कार्यकाल में कभी भी महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर बात नहीं की। भाजपा व उनके सहयोगियों ने केवल पूंजीपतियों का विकास किया। देश का विकास गर्त में चला गया। पीएम मोदी और उनके नेता केवल जुमलेबाजी करना जानते है। पीएम मोदी से बड़ा झूठा पूरे विश्व में कहीं नहीं है। पीएम मोदी मसीहा थोड़ी न हैं। वे चाय बेचनेवाल हैं और अब देश बेच रहे हैं।

केंद्र में आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनी तो देंगे 10 किलो अनाज

देश में आइएनडीआइए गठांधन की सरकार बनते ही 10 किलो अनाज दिया जायेगा। भाजपा मुट्ठी भर पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। वर्तमान की जो स्थिति है, जिसमें बाबा साहेब द्वारा बनाया गया संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में है। मोदी सरकार तानाशाही पर उतर आयी है। भाजपा ने साजिश कर आपके नेता हेमंत सोरेन को फंसाया। हेमंत सोरेन ने भाजपा की नीतियों का विरोध किया, तो केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर उन्हें जेल में बंद कर दिया।

एक जून को जनता देगी जवाब

एक जून को गठांधन प्रत्याशी को वोट करके इस तानाशाही सरकार को मुंहतोड़ जवाब दें। हमारी सरकार ने राज्य के हर वर्ग का ख्याल रखा। अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन जैसी योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंचाया। सीएम चंपाई सोरेन ने संथाली में भी संबोधन किया। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विनोद सिंह, मथुरा प्रसाद महतो, विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश ठाकुर, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, फुरकान अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

मिथिलेश तिवारी की मौत पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी सहित लोगों ने जताया दुःख

झामुमो नेता के चाचा मिथिलेश तिवारी की सड़क दुर्घटना में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा छेछानी टोला निवासी मिथिलेश तिवारी (70) की रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मिथिलेश तिवारी प्रतिदिन की ही तरह इस दिन भी सुबह 6.10 बजे स्कूटी पर सवार होकर मंदिर जा रहे थे। तभी कचहरी चौक के पास एक बेकाबू ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि मिथिलेश तिवारी का सिर और धड़ अलग-अलग हो गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में राहगीरों ने घटना की सूचना शहर थाना पुलिस को दी। उधर, सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा कि मिथिलेश तिवारी झामुमो नेता सह इंडियन रोटी बैंक के संयोजक दीपक तिवारी के बड़े

सड़क दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। मौत की सूचना पाकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व अन्य।

चाचा थे। दूसरी ओर, मिथिलेश तिवारी की दुर्घटना में मौत की सूचना पाकर लोगों की भीड़ जुट गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 16 चक्का ट्रक रेड़मा चौक से छहमुहान चौक की ओर जा रहा था। मिथिलेश तिवारी सदीक चौक से रेडमा की ओर जा रहे थे। इसी बीच तेज गति से आ रहा ट्रक उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे सिर पूरी तरह कुचल गया। घटना के 10 मिनट के भीतर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार घटनास्थल पर पहुंच गये। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, ट्रक चालक स्टेट बस डिपो के पास सड़क किनारे वाहन खड़ी कर फरार हो गया। उधर, खबर पाकर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। वहीं, खबर पाकर सूबे के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, आप पार्टी के राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्वजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पूर्व मंत्री ने घटना पर दुख जताया व मिथिलेश तिवारी के पुत्र चंद्रशेखर तिवारी को सांत्वना दी। पोस्टमार्टम हाउस परिसर में मिथिलेश तिवारी के भतीजा व इंडियन रोटी बैंक के संयोजक दीपक तिवारी कई बार मुर्क्षित हो गए। कई साथियों ने उन्हें सहारा दिया व ढांढस बंधाया।

क्या पता था चाचा नहीं लौटेंगे : रवि तिवारी

घर के बगल के ही रिश्ते में मिथिलेश तिवारी के भतीजा रवि तिवारी ने कहा कि उनकी मौत की खबर मिली तो विश्वास ही नहीं हुआ। वह अभी-अभी तो उनसे बात करके निकले थे। कहा कि मिथिलेश चाचा प्रतिदिन स्कूटी से सुबह पांच बजे घर से शहर भ्रमण के लिए निकलते थे। आज वे अपने घर से निकालकर उनके घर पर रूके। उन्होंने मिथिलेश चाचा को प्रणाम किया व हालचाल पूछा। इस क्रम में रुक कर बातचीत की। कहा कि वे प्रत्येक दिन उनके घर पर रुकते थे। कहा कि वह क्या जानते थे कि उनसे अंतिम बात हो रही है। बताया कि वे बड़े ही मिलनसार व्यक्ति थे। शिक्षा के प्रति उनका झुकाव था। अपने चार पुत्र व तीन पुत्रियों को शुरू से ही सेक्रेट हर्ट स्कूल से पढ़ाया। उनके एक पुत्र मनिका में शिक्षक हैं व तीन पुत्र दिल्ली में बतौर इंजीनियर कंपनी में कार्यरत हैं।

दिल्ली और रांची में भी हो रहा पलामू चेंबर का अनुकरण : आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया गया प्रयास शनिवार को छठे चरण के चुनाव में दिल्ली और रांची में भी व्यावसायिक संस्थाओं द्वारा अनुकरण करते देखा गया। पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं उनकी टीम के दूरदर्शी सोच 'ई रिक्शा मित्र' जिसे चेंबर के सौजन्य से मतदान वाले दिन निःशुल्क संचालित किया गया था जिसका लाभ पलामू लोकसभा चुनाव में 3200 से ज्यादा असहाय लोगों ने लिया। दूसरा मेदिनीनगर के व्यवसायियों द्वारा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चेंबर के आह्वान

पर अपने प्रतिष्ठानों में 10 से 40 प्रतिशत तक का डिस्काउंट 'वोट दे सेल्फी ले डिस्काउंट पाए' स्कीम का भी देश के कई व्यावसायिक संस्थानों ने सराहना करते हुए अपने शहर में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमली जामा पहनाया। 25 मई को रांची में झारखंड चेंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए 10 से 50 प्रतिशत तक का डिस्काउंट अपने-अपने प्रतिष्ठानों में देना एवं दिल्ली कनॉट प्लेस के ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा 15 से 38 प्रतिशत तक लगभग 50 दुकानों में डिस्काउंट दिया जाना पलामू चेंबर द्वारा शुरू की गई इस योजना को सफल बनाता है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि मुझे खुशी है कि पलामू से शुरू हुई यह योजना देश के कई भागों में आजमाया जा रहा आशा है। इसका सकारात्मक रिजल्ट आएगा निश्चित रूप से शहरी वोट का प्रतिशत बढ़ेगा।

सिद्धनाथ बीएड कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत सेनेटरी पैड का हुआ वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। सिद्धनाथ बीएड कॉलेज जपला में महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत एनएसएस इकाई की ओर से महिला प्रशिक्षुओं द्वारा ग्रामीण महिलाओं के बीच बड़े पैमाने पर सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अभियान का संचालन कर रही प्रशिक्षु अमीषा कुमारी, निभा कुमारी, काजल कुमारी, उषा कुमारी, दीपशिखा, स्मृति सिंह व अन्य प्रशिक्षुओं ने इसके उपयोग

एवं महत्व के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। अमिषा कुमारी ने बताया कि महिलाओं को माहवारी के दैरान इसके सुरक्षित उपयोग से संक्रमण मुक्त रखा जा सकता है। सेनेटरी पैड का उपयोग करने के लिए सभी महिलाओं को प्रेरित करते हुए पैड भी वितरित किया गया।

नर में होता है नारायण का वास : मिशन समृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। उक्त बातें मिशन समृद्धि की अध्यक्षा शीला श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि वास्तव में उनके लिए कुछ भी अच्छा करना पूजा से कम नहीं। यह सच नहीं होता तो शायद निरंतर नहीं चल पाता। मेदिनीनगर अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों और शनि मंदिर के आसपास दिव्यांग रिक्शाचालक वृद्धों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। दोना पत्तल बनाने वाले बहुत ही श्रद्धा से भोजन लेते हैं उनके इमानदारी पूर्वक कार्यो और अपने आय पर संतुष्ट

रहते देख उन्हें भोजन के अलावा समय-समय पर कपड़ा भी देना जरूरी समझा जाता है। इसकी पूर्ति भी करने में आनंद की अनुभूति होती है। ऐसे नेक कार्यों में यहां के नागरिकों का भी सहयोग प्राप्त होता रहता है। भोजन संग्रह से लेकर वितरण करने में संस्था के सहयोगियों का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भोजन देने वाले परिवारों का अभिनंदन है। इस मौके पर अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, आशा शर्मा, वीणा गुप्ता, शिल्पी गोस्वामी, शैलेन्द्र सिंह ने सहयोग दिया।

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को मांसपेशियों में परेशानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को ओलिंपिक्स से दो महीने पहले मांसपेशियों में परेशानी आ गई है। नीरज चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- "थ्रोइंग सेशन में हिस्सा लेने के बाद मैंने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। नीरज चोपड़ा ने लिखा, 'मुझे ये समस्या पहले भी रही है। इस स्टेज पर अगर मैं खुद को पुश करता हूं तो ये चोट में बदल सकती है। मैं साफ कर दे रहा हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं, पर मैं ओलिंपिक्स से पहले कोई खतरा नहीं लेना चाहता। जैसे ही मैं पूरी तरह से रिकवर हो जाऊंगा, मैं चैंपियनशिप में वापसी करूंगा। आपके सपोर्ट के लिए धन्यवाद। बतातें चलें कि नीरज को 28 मई से चेक गणराज्य में होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 मीट में हिस्सा लेना था, पर अब वो यहां गेस्ट बनकर जाएंगे। नीरज को चोट तब आई है, जब 2 महीने बाद पेरिस में ओलिंपिक गेम्स की शुरूआत होनी है। अगर चोट गंभीर हुई तो भारत के गोल्ड मेडल की उम्मीद को झटका लग सकता है। नीरज ने टोक्यो ओलिंपिक्स में गोल्ड जीता था।

सिंधु मलेशिया मास्टर्स का फाइनल हारीं, चीन की वांग झी यी ने टाइटल जीता

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने से चूक गईं। बैडमिंटन वर्ल्ड रैंकिंग में 15वें नंबर की सिंधु को रविवार को खेले गए फाइनल मैच में वर्ल्ड रैंकिंग की 7वें नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झी यी ने हराया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी को दूसरी सीड वांग झी यी ने 21-16, 5-21, 16-21 से हरा मात दी। सिंधु ने अपना आखिरी खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। हेड टू हेड में चार मुकाबलों में सिंधु की वांग के खिलाफ यह दूसरी हार थी।सेमीफाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को हराया था। सिंधु ने शनिवार को कुआलालंपुर में विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। सिंधु ने एक्सियाटा एरिना में 88 मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल में दुनिया की 20वें नंबर की बुसानन के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से जीत हासिल की। यह बुसानन पर उनकी 18वीं जीत थी। बुसानन ने अपने करियर में केवल एक बार 2019 हांगकांग ओपन में सिंधु को हराया था। बतातें चलें कि टूर्नामेंट की पांचवीं सीड सिंधु ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था।

स्पोर्ट्स

टीम इंडिया के स्टार बैट्समैन विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खेले जाने वाले वार्म अप मैच में नहीं खेलेंगें। कोहली ने आइपीएल के बाद खेल से छोटा से ब्रेक लिया है। बीसीसीआइए ने इसकी पुष्टि की है।

विराट कोहली ने लिया ब्रेक, नहीं खेलेंगे वार्म-अप मैच, टीम के पहले बैच के साथ नहीं गये अमेरिका

एक जून से खेला जाएगा टी20 वर्ल्डकप का मुकाबला

नयी दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के स्टार बैट्समैन विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खेले जाने वाले वार्म-अप मैच में नहीं खेलेंगे। कोहली ने आइपीएल के बाद खेल से छोटा ब्रेक ले लिया है। इस वजह से एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया के वार्म-अप मैच में नहीं खेल पाएंगे। टीम के उपकप्तान हार्दिक पंड्या और संजू सैमसन भी देर से टीम से जुड़ेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो जून से खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का पहला बैच 25 मई को रवाना हो गया। पहले

बैच के साथ स्टार बैटर विराट कोहली नहीं गए हैं। बीसीसीआइए के एक अधिकारी ने बताया कि कोहली ने हमें पहले ही सूचित कर दिया था कि वह देर से टीम में शामिल होंगे। यही कारण है कि बीसीसीआइ ने उनके वीजा अपॉइनमेंट को देरी से रखा है। उनके 30 मई की सुबह न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है। बीसीसीआइ उनके अनुरोध पर सहमत हो गया है।

बीसीसीआइ ने टीम का फोटो पोस्ट किया

वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के पहले बैच के रवाना होने का फोटो बीसीसीआइ ने पोस्ट किया है। इसमें टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा समेत कई खिलाड़ी और टीम स्टाफ शामिल थे। दूसरा बैच अइपीएल 2024 के फाइनल मैच के बाद सोमवार को रवाना होगा।

शानदार फॉर्म में कोहली

कोहली ने आइपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था। वो इस सीजन में ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे हैं। उन्होंने 15 मैचों में 61.75 औसत से 741 रन बनाए। स्ट्राइक रेट 153 से भी ज्यादा रहा।

वर्ल्ड कप के लिए चुनी गयी भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, ऋषभ पंत, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।
रिजर्व : शुभमन गिल, खलील अहमद, रिंकू सिंह, आवेश खान।

भारत का पहला मैच आयरलैंड से

इस बार का टी-20 वर्ल्ड कप दो जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। ओपनिंग मैच अमेरिका और कनाडा के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम का पहला मैच 5 जून को आयरलैंड से न्यूयॉर्क में होगा।

दीपा करमाकर ने एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

एशिया में सोना लाने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट, टूर्नामेंट इतिहास में दूसरी बार मेडल हासिल किया

ताशकंद (एजेंसी)। दीपा करमाकर एशियन चैंपियनशिप में जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट बनी। रविवार को ताशकंद में एशियाई विमेंस आर्टिस्टिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में करमाकर ने गोल्ड मेडल हासिल किया। करमाकर किसी एशियन जिम्नास्टिक इवेंट में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट बनी है। दीपा क्वालिफिकेशन स्टेज में 12.650 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर थीं। दीपा ने फाइनल में अपने दो अटैम्प्ट में कुल मिलाकर 13.566 का स्कोर बनाया। दीपा के बाद दो उत्तर कोरियाई, किम सोन ह्यांग (13.466, 0.100 की पेनल्टी के बाद) और जो क्योंग ब्योल (12.966) के स्कोर के साथ दूसरे और तीसरे नंबर पर रहीं। दीपा को पिछले साल एशियन गेम्स में भारतीय स्क्वॉड में जगह नहीं मिली थी। बतातें चलें कि दीपा करमाकर ने एशियन चैंपियनशिप में दूसरा मेडल जीता। इससे पहले दीपा ने साल 2015 में हिरोशिमा में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। दीपा के अलावा भारत से आशीष कुमार (फ्लोर एक्सरसाइज, ब्रॉन्ज, सूरत, 2006) और प्रणति नायक (वॉल्ट, उलानबटार, 2019 और दोहा, 2022) में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं।

एशियाड 2022 में नहीं मिली थी स्क्वॉड में जगह

दीपा को पिछले साल हांग्जू में हुए एशियन गेम्स में भारत के जिम्नास्टिक स्क्वाड में जगह नहीं मिली थी। जिमनास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने दीपा करमाकर का नाम भेजा था। हालांकि, केंद्रीय खेल मंत्रालय की आखिरी मंजूरी से पहले उनका नाम इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन क्डअ ने काट दिया था। लंबे समय तक हिस्सा नहीं लेने के कारण स्टार जिमनास्ट को बाहर किया गया था। दीपा की जगह प्रणति नायक और प्रणति दास को आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक की एशियाड टीम में जगह मिली थी। वहीं, रियो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाली दीपा ने 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स में जिमनास्टिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वे ऐसा करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी थीं। इसके अलावा 2016 ओलिंपिक्स में करमाकर ने चौथे नंबर पर फिनिश किया था। बतातें चलें कि फरवरी 2023 में दीपा करमाकर डोप टेस्ट में फेल हुई थी। इस कारण बैन लगाया गया था।

साल 2019 की अपेक्षा 2024 में धनबाद में दो प्रतिशत अधिक हुआ मतदान

धनबाद लोस में सभी 2539 बूथ के इवीएम रिसीव, स्ट्रांग रूम सील

धनबाद लोकसभा केंद्र के चंदनकियारी में सबसे अधिक 72.98 प्रतिशत और बोकारो में सबसे कम 52.86 प्रतिशत हुआ मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

स्ट्रांग रूम के बाहर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा, 4 जून को खोला जायेगा

स्ट्रांग रूम की निरीक्षण करती जिला निर्वाची पदाधिकारी माधवी मिश्रा व अन्य।

धनबाद। धनबाद संसदीय क्षेत्र के बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, झरिया एवं धनबाद विधानसभा के सभी 2539 बूथ के इवीएम कृषि बाजार समिति में रिसीव कर उन्हें संबंधित विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखकर स्ट्रांग रूम को सील किया गया है। इससे पहले सामान्य प्रेक्षक के थवसीलन और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्दलीय उम्मीदवारों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इवीएम के सीरियल नंबर का मिलान किया। जिसके बाद स्ट्रांग रूम सील किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद संसदीय क्षेत्र के सभी 2539 बूथों की सामग्री रिसीव करके ए, बी, सी व डी कैटेगरी के अनुसार उसे स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखकर सील कर दिया है। अब चार जून को मतगणना वाले दिन तक स्ट्रांग रूम थ्री लेयर सिक्योरिटी और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। उन्होंने कहा कि इस बार जिला प्रशासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान और स्वीप एक्टिविटी से मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में दो प्रतिशत अधिक रहा। इस बार के चुनाव में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 62.06 फीसदी रहा। जिसमें धनबाद में 56.49 फीसदी, झरिया 55.84 फीसदी, सिंदरी 72.57 फीसदी, निरसा 70.73 फीसदी, बोकारो 52.86 फीसदी और चंदनकियारी में 72.98 फीसदी मतदान हुआ। धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा और चंदनकियारी में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई जबकि बोकारो में कम मतदान हुआ। इस मौके पर सिंदरी के एआरओ सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, झरिया की एआरओ सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, धनबाद के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, निरसा के एआरओ सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, टुंडी के एआरओ सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता, बाघमारा के एआरओ सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्दलीय उम्मीदवार मौजूद थे।

बरवाअड्डा में मारुति वैन-कंटेनर में टक्कर, चालक सहित तीन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में रविवार को हुए भीषण सड़क दुर्घटना में चालक सहित तीन लोगों लोगों की मौत हो गई। जबकि इसी हादसे में कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान मो शमशद अंसारी, महेश्वर महतो और राजेंद्र महतो के रूप में की गई है। मोहम्मद शमशाद अंसारी डिगवाडीह के माझी बस्ती का रहने वाला था। वह पेशो से वाहन चालक था। जबकि महेश्वर और राजेंद्र लोदना तिलायबनी बस्ती के रहने वाले थे। घटना की सूचना पाकर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि सदलबल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भिजवाया। जानकारी के मुताबिक मारुति वैन सवार झरिया तिलावनी निवासी महेश्वर महतो अपने छोटे पुत्र नंदकिशोर महतो की शादी तय करने के लिए अपने सगे संबंधियों विक्रम महतो, राजेन्द्र महतो, बंटी कुमार, मुकेश कुमार एवं गुजना कुमार के साथ राजगंज थाना क्षेत्र के डोमनपुर निवासी हारु महतो के घर जा रहे थे। इसी दौरान कल्याणपुर के समीप ट्रेलर मारुति वैन को जोरदार धक्का मारते हुए लगभग 200 फीट रगड़ते हुए आगे तक ले गया। घटना में मारुति ड्राइवर शमसाद अंसारी चालक सीट में बुरी तरह दब गया था, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, मारुति में सवार अन्य सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। उधर, बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक सीट में फंसे ड्राइवर शमसाद अंसारी को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भिजवाया। सड़क हादसे के बाद भाग रहे ट्रेलर चालक गोविंदपुर के समीप पुलिस को देखकर ट्रेलर छोड़कर भाग निकला। इसके बाद गोबिंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने ट्रेलर को जब्त कर लिया और इसकी सूचना बरवाअड्डा थाना प्रभारी को दी।

धनबाद में लहरायेगा कांग्रेस की जीत का परचमः अनुपमा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। चुनाव संपन्न होने के दूसरे दिन यानी रविवार को आइएनडीआइए की कांग्रेस प्रत्याशी अपुमना सिंह सबसे पहले आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर पहुंची और कार्यकर्ताओं से मिलकर चुनाव की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद सभी का आभार व्यक्त किया एवं चुनाव कार्यालय ब्लैकरॉक पहुंचकर सभी से एक-एक मिलकर बूथों एवं 17 फार्म कि जानकारी ली। वहीं, नेताओं-कार्यकर्ताओं ने उनका गुलदस्ता देकर अभिवादन किया। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार महिला होने के बावजूद अनुपमा सिंह ने बिना रुके बिना थके एक दिन में 70 से 80 जनसंपर्क व सभा की उससे स्पष्ट हो गया है कि 20 वर्षों के बाद धनबाद में कांग्रेस का परचम लहराएगा। इस दौरान सभी ने विक्ट्री निशान दिखाकर अनुपमा सिंह का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, रशीद राजा अंसारी, सतपाल सिंह ब्रोका, नवनीत नीरज, दिनेश सिंह, शिव शंकर सिंह, बाबू अंसारी, नवीन सिंह, कुमार गौरव, इरफान चौधरी, शहीद कमर जहीर अंसारी पप्पू सिंह आदि थे।

धनबाद सहित पूरे झारखंड में भाजपा की लहरः कर्मवीर सिंह

झारखंड की सभी 14 सीटें जीत रही एनडीए : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भाजपा लोकसभा स्तरीय बैठक रविवार को चंचनी कॉलोनी में हुई, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, झारखंड विधानसभा नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, धनबाद लोकसभा के प्रभारी सुरेश साहू, संयोजक सत्येंद्र कुमार, धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय, ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय, हरि प्रकाश लाटा, संजीव अग्रवाल, सभी विधानसभा के प्रभारी, सह प्रभारी और संयोजक आदि शामिल हुए। अपने संबोधन में कर्मवीर सिंह ने कहा कि धनबाद सहित पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है। पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनमानस ने काफी स्नेह और समर्थन के साथ ही विश्वास व्यक्त किया है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से सभी क्षेत्रों से जो समाचार मिल रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो गया है कि पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो धनबाद लोकसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के जनहित और विकासशील कार्यों को पूरे देश की जनता का आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त हो रहा है। वहीं, झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और चंदनक्यारी के विधायक अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड में सभी 14 सीट भाजपा-आजसू जीतेगी। वहीं, भाजपा धनबाद लोकसभा के प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि मतगणना के लिए भारतीय जनता पार्टी की भूमिका तय कर ली गई है। निश्चित रूप से पार्टी धनबाद लोस में जीत का कीर्तिमान बनाएगी।

गिरिडीह में बड़े अंतर से होगी एनडीए की जीतः अनिल स्वर्णकार

गोमिया (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड के 13 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर एनडीए की बड़े अंतर से जीत होगी। उक्त बातें भाजपा बोकारो जिला महामंत्री सह गोमिया-ललपनिया मंडल के लोकसभा चुनाव प्रभारी अनिल स्वर्णकार ने कही। वे शनिवार को चुनाव होने के बाद गोमिया विधानसभा के सभी बूथों पर पड़े मतों के आधार पर कहा। बताया कि गोमिया विधानसभा के पुरुष मतदाताओं के साथ महिला मतदाताओं ने भी मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगायी है। वहीं युवाओं ने मोदी जी की गारंटी और देश को सुरक्षित हाथों में सौंपने के लिए अपना कीमती वोट दिया है। इस लिए गिरिडीह से पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए चंद्रप्रकाश चौधरी जी जीत दर्ज करेंगें। साथ ही धनबाद सीट पर भी एनडीए के प्रत्याशी ढुल्लू महतो प्रचंड जीत दर्ज करेंगें और 400 के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग देंगे।

अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता है : ममता

नये इंस्पेक्टर के रूप में ममता कुमारी ने संभाला पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। महुदा पुलिस अंचल की नयी पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में ममता कुमारी ने रविवार को महुदा थाना में पदभार ग्रहण किया। 2012 बैच की ममता कुमारी इससे पूर्व सीआईडी रांची में कार्यरत थी। इसके साथ ही अन्य कई थानों में वो पूर्व में अपना योगदान दे चुकी हैं। महुदा पुलीस अंचल कार्यालय पहुंचने पर थाना प्रभारी धीरज कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। साथ ही पदुगोड़ा के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने भी अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। वहीं, पदभार ग्रहण करने के बाद ममता कुमारी ने महुदा सर्किल में पड़ने वाले सभी ओपी एवं थाने में पदस्थापित पदाधिकारियों व कर्मियों से रूबरू हुई। इसके बाद सभी के साथ बैठक की। कहा कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश का अक्षरशः पालन किया जाएगा। कहा कि अपराध पर नियंत्रण और समय पर कांडों का निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी, जिसके लिए सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सर्किल अंतर्गत पड़ने वाले सभी थानों व ओपी क्षेत्र की लंबित केस डायरी को निष्पादन कर अपराध पर नियंत्रण करेंगे। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना, कानून और सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चाक-चौबंद करना उनकी प्राथमिकता में है। विशेष कर महिलाओ की रक्षा-सुरक्षा एवं उत्पीड़न पर समुचीत न्याय दिलायेंगी। जनता के लिए पुलिस मित्र बनेगी।

पहलः प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा पर दिया विशेष जोर जेल में कैद बंदियों को दी गयी कानून की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अन्य।

धनबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन राम शर्मा ने रविवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायायाधीश राकेश रोशन के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। जेल में कुल 636 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजने का निर्देश जय डॉक्टर को दिया। वहीं जेलर को शिक्षा एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। महिला बैरक में निरुद्ध 26 महिला बंदियों से मुलाकात कर न्यायाधीश ने उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जेलर को निर्देशित किया गया कि सभी बंदियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। वैसे बंदी जो कई मुकदमों में जेल में बंद है उनके साथ नए बंदियों को नहीं रखा जाए। पढ़ाई करने की इच्छुक बंदियों को समुचित शिक्षा की व्यवस्था कराई जाए। जेल में स्कैनर का समुचित प्रयोग करने, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदीयो को न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया। इसके लिए हाईटेक आवश्यक उपकरणों को लगाने का निर्देश जेलर को दी गई। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान सह योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का समुचित पालन करने का निर्देश दिया। जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने गढ़वा अदालत में लंबित एक मामले में धनबाद जेल में बंद बंदी को अविलंब गढ़वा की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश करने का निर्देश दिया।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें

इसके पहले धनबाद मंडल कारा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने बंदियों के अधिकार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने प्ली बारगेनिंग अधिनियम, हाईकोर्ट द्वारा चलाए जा रहे यूटीआरसी स्कीम के बारे में जानकारी दी। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी ने जमानत संबंधी प्रावधान के विषय में जानकारी दी। अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा कि वैसे बंदी जो अपराध के मामलों में जेल में बंद है और अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं हैं उनके लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है। इसमें ऐसे बंदी जो अपना अधिवक्ता खुद करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हैं उनके मुकदमे की निःशुल्क पैरवी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में चीफ, डिप्टी चीफ व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की समस्याओं के समाधान के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें। इसके लिए बंदी आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजें। इस मौके पर डिप्टी जेलर दिनेश वर्मा, एलडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, एलएडीसीएस के असिस्टेंट काउंसिल सुमन पाठक, शैलेंद्र झा, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, अनुराग पांडे और विजय कुमार उपस्थित थे।

नयी कमेटी का गठन, जितेंद्र तिवारी अध्यक्ष, अनिमेश गिरी बने उपाध्यक्ष

सीसीएल सीकेएस का एक दिवसीय बोकारो जिला अधिवेशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बीएमएस के अधिवेशन में उपस्थित पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय व अन्य।

फुसरो/बेरमो। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से संबंधित भारतीय मजदूर संघ ढोरी ने खास ढोरी स्थित बीएमएस कार्यालय में रविवार को एक दिवसीय बोकारो जिला अधिवेशन का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता महेश राय व संचालन संत सिंह ने किया। इसमें मुख्य रुप से गिरीडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, धनबाद एवं बोकारो विभाग प्रमुख रविंद्र कुमार मिश्रा, सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा केवट ने भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं दंतोपंत ठेंगड़ी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय ने सदस्यता अभियान बढ़ाने को लेकर निर्देश दिया। साथ ही संगठनात्मक विस्तार एवं कामगारों की ज्वलंत समस्याओं को प्रबंधन के साथ एजेंडा वार्ता, पत्राचार और मौखिक रूप से वातार्लाप कर निराकरण करने की सलाह दी। कहा कि बीएमएस राष्ट्र हित, उद्योग हित के बाद श्रमिक हित की बात करने वाला संगठन है। यह गैर राजनीतिक संगठन है जो देश में प्रथम नंबर पर है। सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि संगठन से जुड़े सभी नेता इसे शून्य से शिखर तक का सफर मानते हैं। यह उपलब्धि संगठन के एक-एक समर्पित व निष्ठावान कार्यकताओं के निःस्वार्थ भाव से काम करने का फल है। झारखंड, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा केवट द्वारा संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गयी। उनके द्वारा कार्यकर्ताओं को समय का पालन एवं अनुशासित रहने का मार्गदर्शन दिया गया। इसके बाद पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी के गठन के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में धनबाद एवं बोकारो विभाग प्रमुख रविंद्र कुमार मिश्रा द्वारा 2024-26 के लिए नयी कमेटी की घोषणा की गयी। इसमें अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश राय, उपाध्यक्ष अनिमेश गिरी, अंबिका प्रसाद, अनिता देवी, संता चौहान, उमेश दूबे, मंत्री ललन मल्लाह, सह मंत्री मनोज कुमार सिंह, रेखा देवी, मुकेश ओझा, अनामिका कुमारी, कोषाध्यक्ष महेश राय, सह कोषाध्यक्ष निमाई दास, संगठन मंत्री संत सिंह, कार्यसमिति सदस्य भरत पटेल, ओम प्रकाश मिश्रा, अशोक सोरेन, सुरेश मंडल, अभय तिवारी, शाहिद इकराम, फुलेश्वर मांझी, संजय कुमार, गब्बर सिंह, रामपद महतो आदि को पदभार सौंपा गया. मौके पर अरूण सिंह, कुलदीप, सरोजनी दूबे आदि लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 मई, 2024
www.azadsipahi.in
12

मोदी और शाह प्रचार के लिए आ रहे हैं ओड़िशा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मोदी और शाह फिर से ओड़िशा आयेंगे। 28 तारीख को अमित शाह और 29 तारीख को प्रधानमंत्री मोदी ओड़िशा आ रहे हैं। 28 तारीख को अमित शाह 3 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह चांदबाली, कोरोइ और निमापड़ा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

इसी तरह, 29 तारीख को प्रधानमंत्री मोदी दोपहर 12 बजे बारीपदा छऊ मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह दोपहर 3:30 बजे बालेश्वर में सभा को संबोधित करेंगे। बाद में वे केंद्रापडा में एक जनसभा में भाग लेंगे। साथ ही, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा 27 तारीख को फिर से ओड़िशा आ रहे हैं। भद्रक 27 तारीख को भद्रक, जाजपुर केंद्रापड़ा और काकटपुर में और 28 तारीख को राइरंगपुर मोरडा, सोर जगतसिंहपुर में प्रचार करेंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान 27 से 30 तारीख तक बालेश्वर, भद्रक, जगतसिंहपुर और केंद्रापड़ा में प्रचार करेंगे। 27 और 28 तारीख को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव केंद्रापड़ा और भद्रक में प्रचार करेंगे। इसकी जानकारी प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने दी है।

12 करोड़ के सोने के बिस्कुट के साथ तस्कर गिरफ्तार

बंगाल में छठे चरण के मतदान के दिन बीएसएफ को मिली बड़ी सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। छठे चरण के मतदान के दौरान बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की भारत बांग्लादेश सीमा पर स्थित सीमावर्ती गांव हलदरपाड़ा में खुफिया विभाग की सटीक सूचना पर एक विशेष अभियान चलाकर सोने की एक बहुत बड़ी खेप जब्त की। दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत गुनारमठ सीमा चौकी पर तैनात 05 बटालियन के जवानों ने हलदरपाड़ा गांव में एक विशेष अभियान चला कर आलोक पॉल (बदला हुआ नाम) के घर से विभिन्न आकार के 89 सोने के बिस्कुट बरामद किये। तस्कर इस सोने की खेप को बांग्लादेश से भारत में तस्करी करने के बाद, आगे डिलीवरी करने से पहले अपने घर में छिपा कर रखे हुआ था। जब्त सोने का कुल वजन 16.067 किलोग्राम है जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 12 करोड़ रुपये है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के प्रवक्ता डीआइजी एके आर्य ने बताया कि शनिवार को गुनारमठ सीमा चौकी के जवानों को सीमावर्ती गांव हलदरपाड़ा के एक घर में सोने की एक बहुत बड़ी खेप होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर उक्त संदिग्ध के घर को चारों तरफ से घेर लिया गया। बाद में गांव वालों की उपस्थिति में घर की तलाशी ली गयी, तो आलोक पॉल (बदला हुआ नाम) को सोने की खेप के साथ पकड़ लिया गया। उसने एक कपडे की बेल्ट में सोना छिपाकर रखा था। पूछताछ के दौरान अलोक पॉल ने खुलासा किया कि मार्च 2024 के आखिरी हफ्ते में वह एक बांग्लादेश के एक सोना तस्कर के संपर्क में आया। उसने आश्वस्त किया कि उसकी सोने की खेप को घर में छुपा कर रखने के लिए वह हर दिन उसे 400 रुपये देगा जिसके लिए वह मान गया और इस काम में शामिल हो गया। जवानों ने गिरफ्तार तस्कर व जब्त सोने की खेप को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए राजस्व आसूचना निदेशक (डीआरआइ) कोलकाता को सौंप दिया है।

किस के छात्रों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

लगातार 17 वर्षों तक 100% परिणाम हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसई), ओड़िशा द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100% परिणाम जारी किया है, जिसके परिणाम आज घोषित किए गये। राज्य का औसत लगभग 96.7% है । अपनी स्थापना के बाद से 17 वर्षों से अधिक समय से, स्कूल बोर्ड परीक्षाओं में लगभग 100% परिणाम प्राप्त कर रहा है। 2008 छात्रों ने परीक्षा दी, जो राज्य के किसी भी स्कूल के लिए सबसे अधिक है, जिनमें से 40% छात्रों ने 60% अंक हासिल किए और बाकी ने 50% से अधिक अंक हासिल किए। सगुन टुडू ने 90% अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के सौरा, बोंडा और पाउड़ी भुइयां समुदायों के पचास छात्रों ने परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि पड़ोसी राज्य झारखंड के किस के छात्रों ने भी मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों और शिक्षकों को बधाई देते हुए, डॉ. अच्युत सामंत, संस्थापक, किट और किस ने कहा कि किस छात्रों की निरंतर सफलता साल दर साल शिक्षकों और कर्मचारियों के निरंतर प्रयास और किस छात्रों के ईमानदार समर्पण के कारण ही संभव हुई है।

नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से जनता खुश है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने गोड्डा लोकसभा के जरमुंडी विधानसभा के रकती, नकटी रोसकेडीह में जनसंपर्क चलाया। लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से जनता खुश है। नरेंद्र मोदी ने देश के कोने कोने तक विकास किया है। घरेलू माताओं को धुआं-धक्कड़ से बचाने हेतु उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया। गरीबों को राशन, विधवा और वृद्ध को पेंशन दी। विदेश में भी भारत देश का मान सम्मान बढ़ाया और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के देवघर में एम्स, एयरपोर्ट रेलवे एवं रोड का कार्य सांसद निशिकांत दुबे के कार्यकाल में पूरा हुआ। आगामी एक जून को कमल फूल पर जनता वोट कर भारी मतों से गोड्डा लोकसभा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी निशिकांत दुबे को विजयी बनायेगी और मोदीजी के हाथ को मजबूत करेगी। इस मौके पर उदय सिंह, नकुल राय, लोकेश कुमार, सुबोध सिंह, श्याम सिंह, श्रीकांत राय, अमर सिंह, संजीव कुमार और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महाराष्ट्र के अकोला में गर्मी के चलते धारा 144 लागू

- फलोदी देश का सबसे गर्म शहर, तापमान 50 डिग्री
- भोपाल में ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग आधी हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। नौतपा का आज दूसरा दिन है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। नौतपा के पहले दिन, यानी 25 मई को राजस्थान में गर्मी से 5 लोगों की मौत हो गयी। यहां पिछले 3 दिनों में 22 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य का फलोदी देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 50 डिग्री दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोगों को गर्मी से बचाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग आधी की गयी है। यानी जहां सिग्नल 60 सेकेंड रेड रहता था, वहां 30 सेकेंड ही रेड रहेगा। महाराष्ट्र के अकोला में 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। यह राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। जिला कलेक्टर ने पब्लिक गैदरिंग रोकने के लिए शहर में धारा 144 लगायी है। बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान रेमल आज पश्चिम बंगाल से टकरायेगा। मौसम विभाग ने देश के पूर्वोत्तर इलाके और बांग्लादेश के तटीय इलाकों के लिए तूफान की चेतावनी जारी की है।

उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने+2 परीक्षा का परिणाम घोषित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित +2 परीक्षा का परिणाम रविवार को घोषित किया गया है। कला, विज्ञान, वाणिज्य और व्यावसायिक शिक्षा का एक साथ प्रकाश हुआ। इस बार कला में पास रेट 80.95 फीसदी है। इसी तरह विज्ञान में पास रेट 86.93 फीसदी है जबकि वाणिज्य में पास रेट 82.27 फीसदी है। साथ ही व्यावसायिक शिक्षा में उत्तीर्णता दर 68.02 प्रतिशत है। कला, विज्ञान और वाणिज्य में लड़कियां लड़कों से आगे हैं। कला में लड़कों का पास रेट 72.68 फीसदी है, जबकि लड़कियों का पास रेट 87.56 फीसदी है। इसी तरह विज्ञान में लड़कों की उत्तीर्ण दर 86.21 प्रतिशत है, जबकि लड़कियों की उत्तीर्ण दर 87.74 प्रतिशत है। कॉमर्स में लड़कों का पास रेट 80.40 फीसदी है, जबकि लड़कियों का पास रेट 85.55 फीसदी है। गौरतलब है कि आज सुबह ही मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस साल का पास रेट 96.07 फीसदी है। लड़कियों की उत्तीर्णता दर लड़कों की तुलना में अधिक है। लड़कियों की उत्तीर्ण दर 96.73 प्रतिशत है, जबकि लड़कों की उत्तीर्ण दर 96.39 प्रतिशत है।

सिंगापुर के बाद कतर एयरवेज की फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी : 6 क्रू मेंबर समेत 12 घायल

नयी दिल्ली। कतर एयरवेज प्लेन के एयर टर्बुलेंस में फंसने का मामला सामने आया है। दोहा से कतर एयरवेज की उड़ान कियूआर 17 रविवार को टर्बलेंस में फंस गयी। इस घटना में 12 लोग घायल हो गये हैं। इसमें से 6 क्रू मेंबर हैं। ये प्लेन दोहा से डबलिन जा रही थी। ये घटना सिंगापुर फ्लाइट टबुर्लेंस हादसे के 5 दिन बाद हुई है। उसमें 1 शख्स की मौत हो गयी थी और 100 से भी अधिक लोग घायल हो गए थे। कतर एयरलाइन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ये हादसा तुर्की के उपर से उड़ान भरते वक्त हुआ। एयरलाइन ने कहा कि दोपहर 1 बजे से कुछ समय पहले डबलिन हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गयी। इस विमान को अग्निशमन विभाग तथा अन्य बचाव सेवाओं द्वारा रोका गया। डबलिन एयरपोर्ट ने कहा कि वह यात्रियों और कर्मचारियों की सहायता कर रहा है। साथ ही उसने कहा कि विमान के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है।

हमास ने इजराइल पर आठ मिसाइलें दागीं

नयी दिल्ली। हमास की अल-कासिम बिग्रेड ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव में रविवार को एक बड़ा मिसाइल हमला किया है। सोशल मीडिया पर एक बयान में हमास की रक्षा शाखा अल-कासिम बिग्रेड ने कहा कि इजराइली नरसंहार के जवाब में ये कार्रवाई हुई है। बाद में इजराइली सेना ने भी माना कि राफा से 8 रॉकेट दागे गये। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इसे जनवरी के बाद से इजराइल पर हमास का पहला बड़ा हमला माना जा रहा है। हमास अल-अक्सा टीवी ने बताया कि रॉकेट हमले गाजा पट्टी से किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना ने संभावित हमलों की चेतावनी देते हुए कई शहरों में सायरन बजाया।

दिल्ली के चाइल्ड हॉस्पिटल में लगी आग छह नवजात की मौत, मालिक गिरफ्तार

- आरोप - बिल्डिंग में अवैध ऑक्सीजन की रीफिलिंग होती थी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली के विवेक विहार स्थित एक चाइल्ड हॉस्पिटल में शनिवार 25 मई की देर रात आग लग गयी। हादसे में 6 नवजात की मौत हो गयी। 5 का रेस्क्यू किया गया है। दो मंजिला बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर था। इसमें कुल 12 बच्चे भर्ती थे। दिल्ली फायर सर्विस चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। हालांकि शुरूआती जांच में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट को कारण बताया जा रहा है। बेबी केयर सेंटर के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर अवैध ऑक्सीजन सिलेंडर रीफिलिंग का काम चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने चाइल्ड हॉस्पिटल के मालिक नवीन खिची के खिलाफ आईपीसी की धारा 336 (दूसरों की निजी सुरक्षा को खतरे में डालना) 304अ (लापरवाही से मौत) और 34 (आपराधिक गतिविधि) के तहत एफआइआर दर्ज की है। वह पश्चिम विहार का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से वह फरार था। उधर, दिल्ली सरकार ने आग लगने की घटना को लेकर मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

राजकोट गेम जोन में आग 12 बच्चों समेत 28 की मौत

- वेल्डिंग की चिनगारी से आग भड़की, सिर्फ एक एग्जिट पॉइंट, हाइकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

राजकोट। गुजरात के राजकोट में शनिवार शाम 4.30 बजे टीआरपी गेम जोन में आग लगने से 28 लोगों की मौत हो गयी। पहले 30 की मौत की जानकारी सामने आई थी। मगर रढ क्राइम ने 28 की मौत की पुष्टि की। मृतकों में 12 बच्चे भी शामिल हैं। फायर ब्रिगेड की 8 टीमें करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझा पाईं। 25 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, गेम जोन से अंदर-बाहर जाने का एक ही रास्ता था। वहीं फायर डिपार्टमेंट से ठडउ भी नहीं ली गयी थी। चश्मदीद के मुताबिक- कालावड रोड स्थित इस गेम जोन में वीकेंड की वजह से 500 रुपये का टिकट 99 रुपये में दिया जा रहा था, इसलिए भीड़ ज्यादा थी। टीआरपी गेम जोन के मालिक युवराज सिंह सोलंकी, पार्टनर प्रकाश जैन, राहुल राठौड़ और मैनेजर नितिन जैन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद चारों ने फोन बंद कर लिया था। **आग कैसे लगी:** किराए की 2 एकड़ जमीन पर तीन मंजिला गेम जोन 2020 में बनाया गया था। इसका स्ट्रक्चर लकड़ी और टीन शेड पर खड़ा था। कई जगह रिपेयरिंग और रेनोवेशन का काम भी चल रहा था। एक जगह सीढ़ी पर वेल्डिंग के दौरान निकली चिनगारी से ब्लास्ट हुआ और आसपास आग लग गयी। **आग तेजी से क्यों फैली:** गेम जोन का डोम कपड़े और फाइबर से बना था। स्ट्रक्चर लकड़ी, टीन और थमोकॉल शीट से बनाया गया था। फर्श पर भी रबर, रेग्जीन और थमोकॉल लगा था। इसके अलावा गेज जोन में 2 हजार लीटर डीजल और 1500 लीटर पेट्रोल भी स्टोर किया गया था। इसलिए आग कुछ मिनटों में ही तेजी से फैल गयी।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**